CMYK

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 233 | रायपुर | सोमवार 18 अगस्त 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



द्वारका एक्सप्रेसवे उद्घाटन के वक्त मोदी ने किया जनता का अभिवादन



अब कठुआ में बादल फटने से तबाही, चार लोगों की मौत और छह घायल; मलबे में दबे दर्जनों घर

## एनसीआर वालों को पीएम मोदी की सौगात, यूईआर-आईआई और द्वारका एक्सप्रेसवे का किया उद्घाटन

# सिर पर संविधान रखकर नाचने वालों ने संविधान को कुचला : पीएम मोदी

नई दिल्ली ,संवाददाता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में 11,000 करोड़ रुपए की राजमार्ग परियोजनाओं का तोहफा दिया है। रविवार को प्रधानमंत्री ने दिल्ली के रोहिणी से यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड-2) के दिल्ली सेक्शन और द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। अब द्वारका एक्सप्रेसवे से सिंघु बॉर्डर से दिल्ली एयरपोर्ट का सफर 40 मिनट में पूरा होगा। पहले इस सफर में 2 घंटे का वक्त लगता था।

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली को जाम और प्रदूषण मुक्त बनाने का लक्ष्य है। सरकार इसी दिशा में काम कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि सिर पर संविधान रखकर नाचने वालों ने संविधान को कुचला था। उन्होंने खुलासा किया कि पहले दिल्ली में एक ऐसा कानून लागू था, जो बिना सूचना के काम पर न आने वाले सफाईकर्मियों को जेल भेजने की अनुमति देता था। दिल्ली के रोहिणी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जो लोग सिर पर संविधान रखकर नाचते हैं, वह संविधान को कैसे कुचलते थे, वह बाबासाहेब की भावनाओं को कैसे दगा देते थे, वह सच्चाई बताने जा रहा है। सफाईकर्मी भाई-बहनों के लिए दिल्ली में पहले खतरनाक कानून था। दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन एक्ट में एक बात लिखी थी, यदि कोई सफाई मित्र बिना बताए काम पर नहीं आता तो उसे एक महीने के लिए जेल में डाला जा सकता था। खुद सोचिए, सफाई कर्मियों को ये लोग क्या समझते थे। एक छोटी सी गलती के कारण क्या आप उन्हें जेल में डाल देंगे?



प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में शासन सुधारों पर बल देते हुए कहा कि हमारे लिए रिफॉर्म का मतलब सुशासन का विस्तार है। इसलिए हम रिफॉर्म पर बल दे रहे हैं। आने वाले समय में हम बड़े-बड़े रिफॉर्म करने वाले हैं, ताकि जीवन और बिजनेस सब कुछ आसान हो। उन्होंने बताया कि इस दिशा में अगला बड़ा कदम जीएसटी सुधार का है। प्रधानमंत्री ने कहा, जीएसटी रिफॉर्म होने जा रहा है। इस दिवाली डबल बोनस देशवासियों को मिलने वाला है। हमने इसका प्रारूप राज्यों को भेज दिया है। उम्मीद करता हूं कि सभी राज्य इसमें सहयोग करेंगे और जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करेंगे, ताकि दिवाली और शानदार बन सके।

पीएम मोदी ने कहा, आज जो सामाजिक न्याय की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उन्होंने ऐसे कई कानून देश में बनाए रखे हुए थे। यह मोदी है, जो इस तरह के गलत कानूनों को खोज-खोजकर खत्म कर रहा है। हमारी सरकार ने ऐसे सैकड़ों कानूनों को समाप्त किया है और यह अभियान लगातार जारी है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का प्रयास जीएसटी को आसान बनाना और टैक्स दरों को रिवाइज करना है।

## अटारी-वाघा बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव, अब शाम 6 से 6.30 बजे तक होगा आयोजन

**अमृतसर ,एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर हर रोज आयोजित होने वाली अटारी-वाघा बॉर्डर रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव किया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जानकारी दी है कि 15 अगस्त के बाद से इस सेरेमनी का नया समय शाम 6:00 बजे से 6:30 बजे तक रहेगा। पहले यह सेरेमनी शाम साढ़े छह बजे शुरू होकर सात बजे तक चलती थी। लेकिन, अब बीएसएफ ने मौसम में आई तब्दीली को देखते हुए समय में यह परिवर्तन किया है।

बीएसएफ अधिकारियों के मुताबिक, बदलते मौसम और जल्दी दिन ढलने के कारण यह फैसला लिया गया है। अब सेरेमनी में शामिल होने आने वाले पर्यटकों को भी अधिक सुविधा होगी। रिट्रीट सेरेमनी देशभक्ति से ओत-प्रोत माहौल और आकर्षक सैन्य प्रदर्शन के कारण हमेशा से ही पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण रही है। भारत-पाकिस्तान सीमा पर होने वाला यह आयोजन हर दिन बड़ी संख्या में देश-विदेश से आने वाले सैलानियों को आकर्षित करता है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव : सीपी राधाकृष्णन होंगे NDA के उम्मीदवार : भाजपा

नईदिल्ली,एजेंसी

NDA के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम फ़ाइनल हो गया है। सीपी राधाकृष्णन NDA के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस बात की जानकारी दी है। नड्डा ने बताया, ÷पीएम मोदी की मौजूदगी में संसदीय बोर्ड की मीटिंग में सर्वसम्मति से ये फैसला लिया गया है।÷



**हम विपक्ष से भी बात करेंगे: नड्डा** जेपी नड्डा ने कहा, ÷हम विपक्ष से भी बात करेंगे। हमें उनका समर्थन भी प्राप्त करना चाहिए ताकि हम मिलकर उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित कर सकें। जैसा कि हमने पहले कहा, हम उनके संपर्क में हैं और हमारे वरिष्ठ नेताओं ने पहले भी उनसे संपर्क किया है और अब भी हम उनके संपर्क में रहेंगे और हमारे सभी एनडीए सहयोगियों ने हमारा समर्थन किया है। सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के लिए हमारे एनडीए के उम्मीदवार हैं।÷

**कौन हैं सीपी राधाकृष्णन?**

सीपी राधाकृष्णन वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वह तमिलनाडु के रहने वाले हैं और तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष रह चुके हैं। वह RSS और जनसंघ के भी सदस्य रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि यदि विपक्ष की ओर से कोई उम्मीदवार नहीं उतारा जाता है, तो सत्ताधारी गठबंधन के उम्मीदवार का निर्विरोध चुना जाना तय माना जाएगा। हालांकि, उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान गुप्त होता है, जिससे क्रॉस वोटिंग की संभावना बनी रहती है। ऐसे में राजनीतिक समीकरणों पर सभी की नजरें टिकी हैं। इसके साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची तैयार कर ली है।

## 2026 के समाप्त होने से पहले भारत की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट सिंगल डिजिट में आ जाएगी : नितिन गडकरी

नई दिल्ली ।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि मैं पीएम मोदी के साथ देश की जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि 2026 के समाप्त होने से पहले भारत की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट सिंगल डिजिट में आ जाएगी, जो हमारे निर्यात के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी और हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड-2) और द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली सेगमेंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दोनों प्रोजेक्ट्स से दिल्ली एनसीआर के लोगों को ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने लॉजिस्टिक्स कॉस्ट को लेकर कहा, अगर मैं कहूं कि इन राजमार्गों की वजह से दिल्ली में 50 प्रतिशत तक ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो जाएगी, तो मुझे लगता है कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। इन प्रोजेक्ट्स में हमने दिल्ली को अलग-अलग जगह से जोड़ा है। पीएम मोदी के दिए रोड मैप में लॉजिस्टिक्स कॉस्ट को कम करने की बात रखी गई है। हमारे देश की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट 14 से 16 प्रतिशत है। वहीं चीन की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट 8 प्रतिशत है और अमेरिका की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट 12 प्रतिशत है।

## राहुल वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगे : चुनाव आयोग

### ECI ने कहा-प्रेजेंटेशन में दिखाया डेटा हमारा नहीं

### 'वोट चोरी' जैसे शब्द संविधान का अपमान : ज्ञानेश कुमार

नई दिल्ली एजेंसी







चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयोग नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी का बिना नाम लिए बिना कहा- पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाया डेटा हमारा नहीं है. वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगे. 7 दिन में हलफनामा नहीं मिला तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा.

एक पार्टी के साथ सांठगांठ के आरोपों पर ईसीआई ज्ञानेश कुमार ने कहा- हमारे लिए न कोई पक्ष और न विपक्ष है. सभी राजनीतिक दल बराबर हैं. अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न हो और फिर वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो ये लोकतंत्र का अपमान है. ईसीआई ने कहा- कुछ मतदाताओं ने वोट चोरी के आरोप लगाए, सबूत मांगने पर जवाब नहीं मिला. ऐसे आरोपों से इलेक्शन कमीशन नहीं डरता है. जब चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा हो तो हम स्पष्ट करते हैं कि चुनाव आयोग निडरता के साथ गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा समेत सभी धर्मों-वर्गों के लोगों के साथ चट्टान के साथ खड़ा है, खड़ा था और खड़ा रहेगा. दरअसल, राहुल ने 7 अगस्त को ECI पर वोट चोरी के आरोप लगाए थे. उन्होंने कहा था, वोट चोरी हो रहे हैं. हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग चोरी में शामिल है. वे भाजपा के लिए ऐसा कर रहे हैं।



राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए ज्ञानेश कुमार ने कहा कि कुछ नेता मतदाताओं को गलत जानकारी देकर और भय फैलाकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने 'वोट चोरी' जैसे शब्दों को संविधान का अपमान बताया।

वहीं मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग के दरवाज़े सभी के लिए खुले हैं और सत्यापन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि मतदाता, राजनीतिक दल और बूथ स्तर के अधिकारी मिलकर सत्यापन, हस्ताक्षर और वीडियो प्रशंसापत्र भी दे रहे हैं।

## ग्वालियर एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा, लैंडिंग के दौरान झुका एयर इंडिया का विमान, यात्रियों में मचा हड़कंप

**एजेंसी।** ग्वालियर के ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बेंगलुरु से आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट लैंडिंग के दौरान असंतुलित हो गई। विमान अपने पहले प्रयास में उतरने में असफल रहा, जिसके बाद 160 यात्रियों की सांसें अटक गईं। हालांकि, पायलट की सूझबूझ से दूसरे प्रयास में विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई, जिसके बाद यात्रियों और एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली। यह घटना शनिवार दोपहर करीब 2 बजकर 15 मिनट की है। बेंगलुरु से ग्वालियर पहुंची एयर इंडिया एक्सप्रेस की बोइंग फ्लाइट जब लैंड कर रही थी, तो कथित तौर पर एक तरफ झुक गई और पहले प्रयास में रनवे पर नहीं उतर सकी।

## अमेरिका से लौटे एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला, दिल्ली एयरपोर्ट पर सीएम ने किया स्वागत

एजेंसी

लखनऊ के एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला रविवार सुबह अमेरिका से भारत लौट आए। वे दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरे, जहां केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उनके पिता शंभु दयाल शुक्ला भी मौजूद रहे। शुभांशु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकते हैं। इसके बाद वे बेंगलुरु जाएंगे और 23 अगस्त को इसरो के इंटरनेशनल स्पेस-डे सेलिब्रेशन में हिस्सा लेंगे। वहीं, 25 अगस्त को अपने घर लखनऊ पहुंचने की संभावना है। उनकी मां ने खुशी जताते हुए कहा, दुनिया के लिए वह भले ही सेलिब्रिटी हो, लेकिन मेरे लिए आज भी नन्हा बेटा है। उसके आने का बेसब्री से इंतजार है।



शुभांशु ने 16 अगस्त को टेक्सास के जॉर्ज बुश इंटरकॉन्टिनेंटल एयरपोर्ट से भारत के लिए उड़ान भरी थी। सोशल मीडिया पर उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा था – यूं ही चला चल राहीज जीवन गाड़ी है, समय पहिया। मुझे अपने देश पहुंचने की बेसब्री है।

**देश** | गोरखपुर में प्राचीन मंदिरों के विकास और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 45 करोड़ रुपए की स्वीकृति

# योगी आदित्यनाथ ने 'ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना' का उद्घाटन

संवाददाता,लखनऊ ,

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में 'ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना' (72 टन प्रतिवर्ष क्षमता, 500 टन कार्बन उत्सर्जन की बचत) का उद्घाटन किया। उसके बाद उन्होंने एक निजी अस्पताल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि गोरखपुर में उच्च स्तरीय इलाज के लिए अब न तो स्पेशलिटी सुविधाओं की कमी है और न ही पैसे की। यहां सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं हैं। आम नागरिक को उसका लाभ दिलाने की प्रधानमंत्री.मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना 'आयुष्मान' भी है। यदि किसी के इलाज में आयुष्मान योजना की राशि कम पड़ेगी तो मुख्यमंत्री राहत कोष और जनप्रतिनिधियों की निधि से उसकी भरपूर मदद की जाएगी।



वहीं उत्तर प्रदेश सरकार प्राचीन मंदिरों के आसपास पर्यटक सुविधाओं के विकास और सौंदर्यीकरण के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में गोरखपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित प्राचीन मंदिरों के विकास, सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के लिए 45 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य मंदिरों की भव्यता को पुनर्स्थापित कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है।यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि धार्मिक पर्यटन में उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में अग्रणी है। प्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे तीर्थ स्थल विशेष रूप से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र हैं। वहीं, गोरखपुर भी ऐसे ही प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में उभरा है, जहाँ मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों की वृहद श्रृंखला मौजूद है।

# चीन के विदेश मंत्री वांग यी आएंगे भारत, सीमा मुद्दे पर होगी चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली:** चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को 2 दिन की भारत यात्रा पर आ रहे हैं और इस दौरान दोनों देशों के बीच विवादित सीमा पर स्थायी शांति और स्थिरता के लिए नए विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा होगी। वांग की यात्रा को दोनों पड़ोसी देशों द्वारा संबंधों को फिर से ठीक करने के जारी प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। गलवान में 2020 में हुए संघर्ष के बाद भारत और चीन के बीच संबंध बेहद खराब हो गए थे।

**क्यों अहम है चीनी विदेश का भारत दौरा?** चीनी विदेश मंत्री वांग यी की यह यात्रा इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय आयात पर शुल्क लगाए जाने के कारण भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव बढ़ने के बीच हो रही है। चीनी विदेश मंत्री मुख्य रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) वार्ता के एक नए दौर के लिए भारत आ रहे हैं। वांग और डोभाल सीमा वार्ता के लिए नामित विशेष प्रतिनिधि हैं।



पीएम मोदी करेंगे चीन का दौरा

चीन के विदेश मंत्री विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों पक्ष इस अवसर का उपयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 31 अगस्त और एक सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन यात्रा की जमीन तैयार करने के लिए भी करेंगे। योजना के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी संभवतः 29 अगस्त को जापान की यात्रा पर जाएंगे और यात्रा समाप्त करने के बाद वह 31 अगस्त और एक सितंबर को होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए उत्तरी चीनी शहर तियानजिन जाएंगे।

**ट्रंप और जेलेंस्की के बीच सोमवार को होगी अहम वार्ता, बैठक में शामिल होंगे यूरोपीय नेता**

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने रविवार को कहा कि यूरोपीय नेता यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे। यह बैठक सोमवार को व्हाइट हाउस में होगी। यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा प्रमुख वॉन डेर लेयेन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि ''राष्ट्रपति जेलेंस्की के अनुरोध पर, मैं कल व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप और अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक में शामिल होऊंगी।''

इस बीच यहां यह भी बता दें कि, शिखर सम्मेलन के बाद 'मीडिया' के साथ एक साक्षात्कार में जब ट्रंप से पूछा गया कि यूक्रेन में युद्ध कैसे समाप्त हो सकता है और क्या भूमि की अदला-बदली होगी, तो ट्रंप ने कहा ''ये वो बिंदु हैं जिन पर हम काफी हद तक सहमत हैं।'' यूक्रेन से क्षेत्रीय रियायतें हासिल करना लंबे समय से शांति समझौते पर किसी भी वार्ता के लिए मॉस्को की पूर्व शर्तों में से एक रहा है। पुतिन शायद यह दांव लगा रहे हैं कि यूक्रेन पर लगातार सैन्य दबाव बनाए रखते हुए इन रियायतों पर जोर देना उनके लिए फायदेमंद होगा। यूक्रेन में युद्ध को लेकर जनता में बेचैनी बढ़ रही है और पुतिन उम्मीद कर रहे होंगे कि थकी हुई जनता अंततः इस समझौते को स्वीकार्य और आकर्षक भी मानेगी।

## अमेरिका में फिर चली ताबड़तोड़ गोलियां, दक्षिणी वर्जीनिया में हुई अंधाधुंध गोलीबारी; घायल हुए कई अधिकारी

एजेंसी

अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की भयावह घटना हुई है। फायरिंग की यह घटना अमेरिका के दक्षिणी वर्जीनिया में हुई है। गोलीबारी की इस घटना में कई कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल हुए हैं। अमेरिका के एक सांसद ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य जॉन मैकगायर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी संवेदनाएं एवं प्रार्थनाएं उन अधिकारियों के साथ हैं जिन्हें पिट्सिल्वेनिया काउंटी में गोली लगी है।

**भारी पुलिस बल को किया गया तैनात** घटनास्थल से मिली तस्वीरों में बड़ी संख्या में पुलिस और आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन खड़े दिखाई दे रहे हैं। मैकगायर ने लिखा, ''हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और प्रभावित सभी लोगों के प्रति इस कठिन समय में अपनी संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।'' पिट्सिल्वेनिया काउंटी उत्तरी कैरोलाइना के साथ लगती राज्य की दक्षिणी सीमा पर स्थित है।

### टेक्सास में हुई थी फायरिंग

बता दें कि, इससे पहले इसी महीने 12 अगस्त 2025 को अमेरिका में टेक्सास राज्य की राजधानी ऑस्टिन में गोलीबारी हुई थी। यहां एक बंदूकधारी ने 'टारगेट' कंपनी के एक स्टोर के पार्किंग क्षेत्र में गोलीबारी कर 2 वयस्कों और एक बच्चे की हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया था आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद चोरी की एक कार से फरार हो गया था लेकिन पुलिस ने उसे बाद में पकड़ लिया।

# सरगुजा संभाग का पहला जिला स्तरीय प्लास्टिक प्रोसेसिंग केन्द्र का शुभारंभ

## जिले के 569 ग्राम पंचायतों की लगभग 2500 स्वच्छाग्राही दीदीयों को मिलेगा आर्थिक लाभ



**अम्बिकापुर (संवाददाता)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत सरगुजा जिले ने ठोस एवं प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक और व्यवस्थित प्रबंधन में एक और उपलब्धि हासिल की है। अम्बिकापुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दरिमा में जिला स्तरीय प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई केन्द्र (एम.आर.एफ) की स्थापना की गई है, जो कि प्रदेश में दूसरा एवं सरगुजा संभाग का पहला केंद्र है।

इस केन्द्र का उद्घाटन लूण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने किया। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, अम्बिकापुर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सतीश यादव, जनपद सदस्य श्रीमती प्रसुन्न सिंह जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

विधायक मिंज ने कहा कि स्वच्छता प्रबंधन के क्षेत्र में सरगुजा जिला आज पूरे अन्य जिलों के लिए रोल मॉडल बन रहा है। यह केन्द्र पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने कहा कि शहर ही नहीं गांव में भी प्लास्टिक कचरा का आज सबसे बड़ी समस्या है, प्लास्टिक न सड़ता है न गलता है, प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन से हमारे पर्यावरण और जिले 569 गांव की महिलाओं को आर्थिक लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज विश्व स्तर पर एक गंभीर चुनौती है और इसे दूर करने के लिए ऐसे ठोस कदम आवश्यक हैं। जिले की यह पहल प्रधानमंत्री के ÷स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत÷ के संकल्प को मजबूत करेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि एम.आर. एफ यूनिट से जिले के 569 ग्राम पंचायतों की लगभग 2500 स्वच्छाग्राही दीदीयों को कचरे के विक्रय पर सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। साथ ही, प्लांट में कार्यरत 30-35 महिलाओं को प्रतिमाह 7500 रुपये मानदेय पर रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। यह केन्द्र महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

## मुंगेली पुलिस को बड़ी सफलता : ब्राउन शुगर और चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार



**मुंगेली (एजेंसी)।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में चल रहे 'ऑपरेशन बाज' के तहत मुंगेली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है। थाना जरहागांव क्षेत्र में पुलिस टीम ने ब्राउन शुगर और चरस के साथ एक आरोपी और एक अपचारी बालक को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 4.03 ग्राम ब्राउन शुगर (कीमत ?8,000), 20.18 ग्राम चरस (कीमत ?40,000), दो मोबाइल फोन (कीमत ?1.10 लाख) और एक मोटरसाइकिल (कीमत ?50,000) जब्त की। जप्त सामान की कुल कीमत लगभग ?2.80 लाख आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिवी उर्फ बाबू पाठक (24), निवासी रामगोपाल वार्ड मुंगेली के रूप में हुई है, जबकि उसके साथ एक नाबालिग भी शामिल था। दोनों के खिलाफ थाना जरहागांव में NDPS एक्ट की धारा 21, 22 के तहत मामला दर्ज किया गया और न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई ÷नशा मुक्त भारत पखवाड़ा÷ अभियान के अंतर्गत की गई। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नशे की तस्करी या अवैध बिक्री से संबंधित किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस तक पहुँचाएँ।

## साइकिल रैली में शामिल हुए विधायक किरण सिंहदेव



**जगदलपुर** विधायक किरण सिंहदेव Ride & Rise साइकिल रैली में शामिल हुए। आज जेसीआई जगदलपुर सिटी द्वारा शहर में आयोजित ÷Ride × Rise साइकिल रैली÷ में युवाओं के साथ शामिल होकर उनके उत्साह और ऊर्जा को देखकर प्रसन्नता हुई।

यह रैली हमें स्वस्थ जीवनशैली, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश देती है। युवाओं का जोश और सहभागिता बस्तर की उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है।

इस सफल आयोजन हेतु आयोजकों एवं समस्त प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।

इस दौरान बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी , महापौर संजय पाण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में युवा साथी और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## किशोरी से रेप करने वाला गिरफ्तार

जशपुर (संवाददाता)।

जिले से नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार करने मामला सामने आया है। आरोपी ने नाबालिग का अपहरण कर जंगल ले गया। जहां 2 दिन तक हैवान ने जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है. मामला पंडरापाठ चौकी क्षेत्र का है।



ASP अनिल कुमार सोनी ने बताया कि पूरी घटना पंडरापाठ चौकी क्षेत्र का है. जहां आरोपी मनदीप राम ने 10 अगस्त को एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया था. इसके बाद अपने साथ जबरदस्ती जंगल ले गया और 2 दिन तक रखा. आरोपी ने नाबालिग पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म किया. पीड़ित परिवार ने 12 अगस्त को चौकी में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की. पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने BNS की धाराओं के साथ ही पॉक्सो एक्ट की धारा 5 और 6 के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी मनदीप राम को उसके घर से हिरासत में ले लिया और आरोपी के चंगुल से पीड़िता को छुड़ाया गया. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## मवेशी तस्करी मामले में 2 तस्कर गिरफ्तार



**बलरामपुर संवाददाता।** जिले में शनिवार को पुलिस ने मवेशी तस्करी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जो कि झारखंड के रहने वाले हैं। विजयनगर थाना पुलिस आरोपी अकबूल और शमशेर को गिरफ्तार किया है। यह मामला 26 अप्रैल 2025 का है। विजयनगर पुलिस ने झारखंड के बूचड़खाने ले जा रहे 110 पशुओं को जब्त किया था। पशुओं को गोशाला में भेजा गया था। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। पूछताछ के दौरान पुलिस तस्करी में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही थी। 15 अगस्त 2025 की रात को पुलिस ने मास्टरमाइंड अकबूल और शमशेर को तस्करी के लिए निकलते समय पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने पशु तस्करी में शामिल होना स्वीकार कर लिया। आरोपियों को थाना रामानुजगंज के अपराध क्रमांक 63/2025 के तहत छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 में न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# लंच विथ कलेक्टर में बच्चों ने कही मन की बात

## 25 साल बाद लाल गलियारे से बाहर निकल देखा आजादी का जश्न




**बीजापुर** । जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा माओवादी भय के तिलस्म को तोड़कर भविष्य की नई इबारत लिखने की मुहिम को अमली जामा पहनाने का प्रयास कर रहा है ।

खास मौका था जश्ने आजादी का कार्यक्रम और 11 गांव के शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों की मौजूदगी। ये बच्चे सामान्य परिवेश नहीं बल्कि उस इलाके से आए थे जहां सरकारी नुमाइंदों और दीगर लोगों के लिए कदम रख पाना नामुमकिन होता है।

बीजापुर ब्लॉक के एड्समेटा, करका, कोरचोली, तोड़का, सावनार, नेनड्रा, इतावर, उसूर ब्लॉक के भट्टीगुड़ा कोंडापल्ली, भोपालपटनम के अन्नाराम और भैरमगढ़ के कोतरापाल में वेंडे स्कूल दायकाल अभियान के तहत 20 सालों से बंद स्कूलों का इस साल पुनः संचालन किया गया।

छत्तीसगढ़ सरकार के शांति विकास और सुरक्षा अभियान के तहत नियद नेल्लानार क्षेत्र को विकसित करने की मुहिम से 16 स्कूलों को फिर से संचालित किया गया। इन इलाकों में ज्यादातर स्थानों पर स्कूल खोलना एक बड़ी चुनौती मानी जाती है लेकिन जिला प्रशासन के दृढ़ संकल्प ने इसे आसान बना दिया। वेंडे स्कूल दायकाल अंतर्गत इन दुर्गम और हिंसा ग्रस्त इलाकों का सर्वे करने के पश्चात स्कूल खोलने की कवायद की गई और इस शिक्षा सत्र में इसे संचालित करने में जिला प्रशासन को बड़ी कामयाबी मिली ।

स्कूल खोलने के बाद एक बड़ी चुनौती इन इलाके के बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ बेहतर दिशा देने की रही जिसके फलस्वरूप कलेक्टर ने इन बच्चों के साथ लंच विथ कलेक्टर का आयोजन किया और इस दौरान उनकी परिस्थितियों और मनोभावों को समझा। लंच के दौरान बच्चों ने बातों बातों में कलेक्टर से अपने मन की बात कही। करका गांव की लक्ष्मी और अनन्या ने कहा कि डाक्टर और मैडम बनने के लिए कितना पढ़ना है। कलेक्टर ने दोनों बच्चों को प्राथमिक से हायर सेकेंडरी तक की पढ़ाई में नियमित स्कूल जाकर मेहनत करने और नीट और बीएड जैसे पाठ्यक्रम को लक्ष्य बनाकर पढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया।

कोंडापल्ली और भट्टीगुड़ा के शाला त्यागी बच्चों के फिर स्कूल आने पर कलेक्टर ने उनकी तारीफकी और आगे नियमित पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इन गांवों से आए शिक्षादूतों से मुलाकात कर कलेक्टर ने कहा कि आपकी जिम्मेदारी बड़ी और चुनौतीपूर्ण इसे बेहतर ढंग से निभाने का प्रयास करें।

# कांकेर में रायपुर के युवक की मौत, जलप्रपात में हुआ हादसा

कांकेर संवाददाता।



जिले में मलांजकुडुम जलप्रपात में दर्दनाक हादसा हो गया. वाटरफ ॉल से एक युवक पैर फि सल गया और वह नीचे गिर गया. हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने दोस्तों के साथ यहां घुमने के लिए आया था।

जानकारी के मुताबिक, रायपुर से गोपाल चंद्राकर और उसके 5 दोस्तों शनिवार को मलांजकुडुम वाटरफ ॉल पहुंचे थे। इसी दौरान गोपाल डेंजर जोन में चला गया और चिकने पत्थर में पैर फिसलने से नीचे गिर पड़ा।

युवक के दोस्तों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन अंधेरा होने के कारण रात में रेस्क्यू नहीं हो सका. रविवार सुबह नगर सेना और गोताखोरों की टीम ने रेस्क्यू कर युवक का शव बरामद किया।

गौरतलब है कि मलांजकुडुम जलप्रपात में हर साल हादसे होते आ रहे हैं। लेकिन पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम अब तक नहीं किए गए हैं. 2022 में भी यहां दो युवकों की मौत हो चुकी थी। लगातार हो रहे हादसों ने पर्यटन स्थलों की बदइंतजामी और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

# छत्तीसगढ़ का वैश्विक मंच पर नेतृत्व करेंगे मुख्यमंत्री साय

## ओसाका वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ बनेगा निवेश और नवाचार का केंद्र



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अब वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाने की ओर कदम बढ़ा रहा है। जापान के ओसाका में 13 अप्रैल से 13 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले वर्ल्ड एक्सपो 2025 में राज्य अपनी धरोहर और विकास यात्रा का प्रदर्शन करेगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को विशेष आमंत्रण मिला है।

एक्सपो का मुख्य विषय है "Designing Future Society for Our Lives" और इसके तीन उप-विषय "Saving Lives", "Empowering Lives" और ÷Connecting Lives" रखे गए हैं।

**सीएम बोले छत्तीसगढ़ बनेगा वैश्विक निवेश केंद्र**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस आयोजन में भागीदारी राज्य की सांस्कृतिक और तकनीकी प्रगति को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ निवेश-अनुकूल कारोबारी केंद्र के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत करेगा और औद्योगिक विकास के मानचित्र पर नई जगह बनाएगा।

**भारत मंडप बनेगा आकर्षण का केंद्र** भारत इस एक्सपो में ÷भारत मंडप÷ नामक पैवेलियन के माध्यम से अपनी बड़ी उपलब्धियों को प्रस्तुत कर रहा है। यहां योग सत्र, भरतनाट्यम, बॉलीवुड फिल्में और विशेष चंद्रयान ज़ोन दर्शकों को आकर्षित करेंगे।

ढोकरा कला से जीता दिल

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) पहल के तहत छत्तीसगढ़ की ढोकरा धातु कला पहले ही वैश्विक दर्शकों को अपनी अनूठी शिल्पकला से मोहित कर चुकी है।

अब छत्तीसगढ़ ओसाका के युमेशिमा आइलैंड स्थित विशाल एक्सपो स्थल पर अपना राज्य स्तरीय स्टॉल स्थापित करेगा। यह अवसर भारत सरकार के भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) के आमंत्रण पर मिला है। इस दौरान छत्तीसगढ़ इस्पात मंत्रालय के साथ भी सहयोग करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ की उपस्थिति हमारी उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाएगी और राज्य को एक उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करेगी।÷

# स्वतंत्रता दिवस पर समाज सेवा में अग्रणी कर्मयोगियों का हुआ सम्मान

उत्तर बस्तर कांकेर संवाददाता



राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन की ओर से इस वर्ष जिले के उन कर्मयोगियों को कांकेर सांसद भोजराज ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया, जिन्होंने समाज में अपनी अलग और विशिष्ट पहचान बनाई है तथा जनजागरूकता एवं सेवा कार्यों के माध्यम से उदाहरण प्रस्तुत किया है।

इस अवसर पर भानुप्रतापपुर निवासी जैश करपाल को अंगदान को बढ़ावा देने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कोरर निवासी देवेंद्र यादव को नेत्रदान को प्रोत्साहित करने और जागरूकता फैलाने के लिए सम्मान मिला। गोविंदपुर कांकेर निवासी सुरेश (मिनी) आहुजा को स्वर्ग रथ के माध्यम से मृत्यु उपरांत शवों को मुक्तिधाम तक पहुंचाने की सामाजिक सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा ज्ञानेन्द्र गौतम और आशीष परिहार को जहरीले सांपों को पकड़कर जंगल में सुरक्षित ढंग से छोड़ने और लोगों की सुरक्षा करने के लिए सम्मान प्राप्त हुआ। वहीं आमापास निवासी टीकम सिंह ठाकुर और राधेश्याम भट्ट को भी सम्मानित किया गया। ये दोनों लगभग 15–20 वर्षों से कांकेर कचहरी परिसर में स्टाम्प वेंडर, नोटरी अधिवक्ता, दस्तावेज लेखन एवं अर्जीनवीश का कार्य कर रहे हैं। शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर होने के बावजूद अपनी मेहनत से आजीविका अर्जित कर आत्मसम्मान के साथ जीवनयापन कर समाज को प्रेरणा दे रहे हैं। इन सभी कर्मयोगियों को नरहरदेव पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# नया रायपुर में बाईकर्स गैंग का स्टंटबाजी, सैकड़ों बाइकर्स पुलिस ने पकड़े

लोकशक्ति

रायपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बाईकर्स गैंग द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सअप के माध्यम से अन्य बाईकर्स को नवा रायपुर की सड़कों पर स्टंट करने, धमा चौकड़ी करने के लिए पहुँचने का वीडियो एवं फोटो पोस्ट किया गया जिस पर रायपुर पुलिस द्वारा 14.08.2025 को 9 बाईकर्स जिन्होने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फ टो/वीडियो अपलोड किया था उनके विरूद्ध कार्यवाही कर उन्हे जेल भेजा गया था। उसके बावजूद भी रायपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बाईकर्स गैंग, ग्रुप बनाकर नवा रायपुर के सड़कों पर एकत्रित होकर उत्पात मचाने की आशंका पर डॉ. लाल उमेंद सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में डॉ. प्रशांत शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात एवं श्री विवेक शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अटल नगर के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस के दिन नवा रायपुर में पहुँचने वाले बाईकर्स को घेरने के लिए पुलिस



ने योजना बनाकर सिविल ड्रेस में उप पुलिस अधीक्षक द्वय सतीश ठाकुर एवं गुरजीत सिंह के नेतृत्व में 05 निरीक्षक, 20 यातायात बल व क्रेन पेट्रोलिंग के साथ थाना प्रभारी राखी व थाना प्रभारी मंदिर हसौद की टीम कुल 40 का बल तैनात कर घेराबंदी की गयी। घेराबंदी में 128 दोपहिया वाहन एवं 06 कार चालकों को पकड़ा गया जो नवा रायपुर में तेज रफ्तार वाहन चलाते ,मस्ती करते हुए लापरवाहीपूर्वक चलाते स्टंट करते पाए गये।

# ड्राई डे पर शराब बेचने वालों पर शिकंजा, अलग-अलग जगहों पर पकड़े गए

रायपुर। आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्यामलाल धावड़े तथा कलेक्टर जिला रायपुर गौरव सिंह तथा उपायुक्त आबकारी राजेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अवैध शराब एवं अन्य आबकारी अपराधों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।



घटना 15-08-2025 स्वतंत्रता दिवस शुष्क दिवस को मुखबीर सूचना पर श्रङ्कुस कॉलोनी सड्डू निवासी आरोपी सूरज साहू के कब्जे से 8.45 बल्क लीटर व्हिस्की मदिरा (03 बोतल ब्लैक एण्ड व्हाईट, 02 बोतल टीचर 50, 01 बोतल 100 पाईपर, 02 बोतल ऑक स्मिथ गोल्ड, 01 बोतल रेड लेबल, 01 बोतल गोल्ड लेबल, 01 बोतल जगर मास्टर), आदर्श नगर निवासी आरोपी नितेश उर्फ गोलू बांधे के कब्जे 7.92 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला, आरोपी अभिषेक राय ढाबा संचालक मोहनी मोंगरा ग्राम चिचोली के कब्जे से 7.27 बल्क लीटर (10 नग सिंबा बियर कैन, 1 नग किंगफिशर, 6 नग पाव बैगपाइपर, 3 नग पाव जिग जाग वोदका), ज़ोरापारा रायपुरा निवासी आरोपी काजल पाण्डे के कब्जे 10.08 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला, शीतलापारा चंदनीड़ीह निवासी आरोपी प्रेमचंद साहू के कब्जे से 10.44 बल्क लीटर देशी/विदेशी मदिरा, खोरपा निवासी आरोपी सुरेश टण्डन के कब्जे से 9.36 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला, खौली निवासी आरोपी शत्रुहन कुर्रे के कब्जे से 6.3 बल्क लीटर देशी/विदेशी मदिरा जप्त किया गया। आरोपियों को आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया एवं न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। इस प्रकार आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कुल 07 प्रकरण कायम कर कुल 59.82 बल्क लीटर मदिरा जप्त कर समस्त आरोपियों को जेल दाखिल किया गया।

# सोशल मीडिया पर वायरल ड्रग्स वीडियो में दिखे युवक-युवतियों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

रायपुर, । रायपुर में हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें कुछ युवक-युवतियों को ड्रग्स का सेवन करते हुए देखा गया था। इस वीडियो को गंभीरता से लेते हुए रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. लाल उमेद सिंह ने तत्काल जांच के आदेश दिए।




एसएसपी के निर्देश पर एंटी क्राइम और साइबर यूनिट की टीम ने थाना पुरानी बस्ती पुलिस के साथ मिलकर वायरल वीडियो की जांच शुरू की। वीडियो में नजर आ रहे युवाओं की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया। जांच में सामने आया कि इनमें कुछ किशोर (टीनएजर्स) शामिल थे, जबकि चार युवकों की पहचान चंदन सोनकर, रितेश सोनी, शिवम धीवर और तैफ़ीउद्दीन, सभी निवासी रायपुर, के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान इन युवकों ने कुछ स्थानों के बारे में जानकारी दी, जहां उनके अनुसार मादक पदार्थ मौजूद थे। पुलिस ने इन स्थानों पर छापेमारी की, हालांकि वहां से कोई भी ड्रग्स बरामद नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त कर उन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा। वहीं, नाबालिगों की काउंसलिंग कर उन्हें समझाइश दी गई और उनके माता-पिता को सौंप दिया गया। वहीं, वयस्क आरोपियों चंदन, रितेश, शिवम और तैफीउद्दीन के खिलाफ थाना पुरानी बस्ती में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। चारों को 2-2 लाख रुपये के बांड ओवर पर छोड़ा गया है, ताकि भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर उन पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# महादेव घाट में बड़ा हादसाः खारुन नदी में गिरा तेज रफ़्तार ट्रक...

रायपुर । राजधानी से लगे महादेव घाट में रविवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अमलेश्वर से रायपुर की ओर आ रहा एक तेज रफ्तार हाइवा ट्रक अनियंत्रित होकर सीधे खारून नदी में जा गिरा। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी की जान नहीं गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अनियंत्रित ट्रक ने नदी में गिरने से पहले घाट के पास एक पान ठेले को जोरदार टक्कर मारी। इस दौरान मौके पर मौजूद लोग समय रहते हट गए और बाल-बाल बच गए। वहीं, चालक भी किसी तरह बाहर निकलकर सुरक्षित बच गया।

मिली जानकारी के अनुसार हादसे के समय ट्रक चालक नशे की हालत में था और उसने वाहन से नियंत्रण खो दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर ट्रक की दिशा थोड़ी भी बदल जाती, तो कई लोग इसकी



चपेट में आ सकते थे और बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने भारी वाहनों पर नियंत्रण और नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। फिलहाल क्रेन की मदद से ट्रक को बाहर निकालने का प्रयास जारी है।

## पद्मश्री डॉ. बुधेन्द्र कुमार जैन एम्स रायपुर के अध्यक्ष बने

रायपुर (संवाददाता)। पद्मश्री डॉ. बुधेन्द्र कुमार जैन को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) रायपुर का अध्यक्ष बनाया गया है। वे वर्तमान में सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड, चित्रकूट के नेत्र चिकित्सालय के निदेशक हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यह नियुक्ति की है। जानकीकुंड चिकित्सालय से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. जैन को इस वर्ष उनके पांच दशकों के नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने इस नई जिम्मेदारी के लिए भारत सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय का हृदय से आभार प्रकट किया है।



# अग्रसेन धाम में तीन दिवसीय 33वीं नेशनल कराते चैम्पियनशिप का आयोजन

### उद्घाटन समारोह में शामिल हुए छग टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा

रायपुर। छत्तीसगढ़ कराते संघ द्वारा तीन दिवसीय 33वीं नेशनल कराते चैम्पियनशिप का आयोजन आज रविवार से अग्रसेन धाम लाभांडी रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस चैन्पिशनशिप में सिनियर, जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग के लगभग 800 खिलाड़ी व अधिकारी भाग लेंगे। वहीं शुभारंभ के अवसर पर छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा शामिल हुए। इस दौरान महासचिव होरा ने छत्तीसगढ़ कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अग्रवाल को इस टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दी, इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सहित देशभर से आए खिलाडियों का हौसला बढ़ाया।



श्री होरा ने कहा कि रायपुर सांसद व छत्तीसगढ़ के सबसे लोकप्रिय जननेता बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में रायपुर तेजी से आगे बढ़ रहा है, सांसद अग्रवाल के छोटे भाई विजय अग्रवाल से उनकी अच्छी मित्रता है, ÷उन्होंने विजय अग्रवाल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ में कराते को बढ़ावा देने के लिए निरंतर अथक प्रयास किए हैं। उनके प्रयासों से प्रदेश के खिलाड़ी न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं।÷ उनके कार्यों से प्रदेश का गौरव बढ़ा है।÷


बता दें कि इस प्रतियोगिता का उद्घाटन अग्रसेन धाम लाभांडी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शाम करेंगे। इस समारोह की अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं विशेष अतिथि के रूप में खेल मंत्री टंक राम वर्मा उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ कराते संघ के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में पहली बार यह अधिकृत नेशनल कराते का आयोजन किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू एंड कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक, असम, गुजरात, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश के लगभग 800 से 1 हजार खिलाड़ी एवं अधिकारी शामिल होंगे। चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आवास एवं भोजन व्यवस्था प्रतियोगिता स्थल अग्रसेन धाम में होगी।

# गृहस्थ होकर भी वैरागी होना एवं मन पर विजय पाना श्रीकृष्ण से सीखो : मनीष सागरजी महाराज

### वैराग्य और अभ्यास के द्वारा जीता जा सकता है मन को

रायपुर (संवाददाता)।

परम पूज्य उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने आज धर्मसभा में श्रीकृष्ण के जीवन से श्रावक और श्राविकाओं को स्वयं पर नियंत्रण करने की सीख दी। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में जन्माष्टमी के अवसर पर उपाध्याय भगवंत ने कहा कि श्रीकृष्ण ने गृहस्थ जीवन की साधना जगत को दिखाई। 32 हजार रानियों के बीच में रहकर गृहस्थ जीवन में कोई पुरुष अनासक्त कहलाए, यह उदाहरण बहुत मुश्किल है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कुरुक्षेत्र की महाभारत में श्रीकृष्ण चाहते तो अकेले ही कौरवों का संहार कर सकते थे। उन्होंने कुरुक्षेत्र में रहकर भी शस्त्र नहीं उठाए। यह एक साधक ही कर सकता है। वैराग्य और अभ्यास के द्वारा ही मन को जीता जा सकता है। ये संदेश श्रीकृष्ण महाराज ने जगत को दिया। युद्ध के मैदान में जब अपनों को देखकर अर्जुन थम गए तो श्रीकृष्ण ने मन से राग हटाकर मन पर नियंत्रण करने की सीख दी।



उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हमारा खुद पर नियंत्रण बहुत कमजोर है। कोई अपशब्द कह दे तो उसे तुरंत कह देंगे। कोई थप्पड़ मार दे तो तुरंत पलटवार कर देते हैं। श्रीकृष्ण का स्व-नियंत्रण कितना बड़ा था। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण युद्ध की ना सोचकर पहले खुद शांति दूत बनकर गए थे। जन्म से श्रीकृष्ण ने संघर्ष ही देखा था। वे शांति दूत बनकर गए। उनकी एक और बड़ी विशेषता थी कि उनके चेहरे पर सदा मुस्कान रहती थी। वहीं स्थिति बदलते ही हमारी मुस्कान चली जाती है। सही व्यक्ति वही है जिसकी हर परिस्थिति में मुस्कान बनी रहती है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि श्रीकृष्ण के जीवन की एक और बड़ी विशेषता थी। जब तक व्यक्ति को कुछ नहीं मिलता तो अभाव में जीता है। जैसे मिलता है तो भोगने की इच्छा होती है। श्रीकृष्ण को बचपन से अभाव मिले थे। बड़े हुए तो पुण्य की लीला मिली। उनके जीवन की विशेषता सदैव अनासक्ति की रही।

आसक्ति के निमितों में रहकर भी अनासक्त रहना बहुत बड़ी साधना है। अनासक्ति की साधना वस्तु का उपयोग करो लेकिन उपभोग मत करो। आवश्यकता की पूर्ति करो लेकिन आसक्ति मत करो।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन मन पर विजय पाने का संदेश देता है। युद्ध के मैदान में सबसे अधिक तनाव सारथी को होता है। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण अर्जुन के सारथी बने। निहत्था होने के बाद भी तनाव नहीं रहा। कुरुक्षेत्र के अशांत वातावरण में भी उन्होंने धर्म का उपदेश दिया।अर्जुन के भीतर के राग को तोड़ा। हम भी सदैव सत्य को जानने का प्रयास करें। मत प्रेमी से सत्य प्रेमी बने। देव, गुरु और धर्म मताग्रह करने के लिए नहीं है। इनके माध्यम से सत्य तक पहुंचे। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि श्रीकृष्ण महाराज का जन्म जेल में हुआ था। उन्होंने अपने जन्म से ही पीड़ा देखी। उनका जीवन संदेश देता है कि जीवन एक संघर्ष है इस संघर्ष में हिम्मत नहीं हारना है। अपना मार्ग निकालते जाना है। श्रीकृष्ण के जीवन के संघर्ष से हमारे जीवन की तुलना करें तो कुछ भी नहीं है। फिर भी हम जिंदगी से कितनी शिकायत करते हैं। सच्चा सुख इस संसार में संयम व आत्मबल में है। झूठे सुख में जीने वाले बहुत हैं। सच्चे सुख में जीने वाले के पास जब आत्मबल आ जाता है वही सुख है।

# बारिश के बाद भी उमस से राहत नहीं, प्रदेश में कमजोर मानसून



रायपुर - प्रदेश में बारिश के बावजूद लोगों को उमस से राहत नहीं मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार इस समय मानसून की स्थिति कमजोर है। हालांकि आज कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक की गतिविधि होने की संभावना है। वहीं कल 18 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के आसार हैं। इसका असर मुख्य रूप से दक्षिण छत्तीसगढ़ में देखने को मिल सकता है, जिससे वहां बारिश की गतिविधियां तेज हो सकती हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल राज्य के अन्य हिस्सों में सामान्य या हल्की बारिश ही देखने को मिलेगी।

## संपादकीय

### राजनीति का जरिया ना बने चुनाव आयोग

चुनाव आयोग को राजनीति में ना लाया जाये कांग्रेस ने जो सवाल उठाये हैं तीन राज्यों में इस कथित वोटचोरी के आरोपों पर कई दिनों से आयोग और राहुल के बीच नोक-झोंक चालू है। आयोग हस्ताक्षरित घोषणापत्र की मांग पर अड़ा है, जबकि राहुल अपने सार्वजनिक बयान को ही शपथ सरीखा बता रहे हैं। पच्चीस दलों ने राहुल का समर्थन कर राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। संभव है कि ये दल देश भर में प्रदर्शन का ऐलान भी कर दें। भारतीय चुनाव प्रणाली को लेकर इस तरह का संदेह पहले कभी नहीं देखा गया। कांग्रेस के वरिष्ठ परंतु भाजपा की पक्षधरता करने वाले नेता शशि थरूर ने भी इस मामले में राहुल का समर्थन किया है। उन्होंने आयोग से अपना पक्ष स्पष्ट करने को कहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने शिकायत पत्र पर कार्रवाई न होने का आरोप लगाया।

उद्धव ठाकरे के दल ने भी बेहतरीन खोजी रिपोर्ट पेश करने पर कांग्रेस की पीठ थपथपाते हुए आयोग को जवाबदेह बताया।




## बेशकीमती है तेरे आंसू माँ दूध तो अमृत गंगा है,

माँ मुझे जन्म देकर जिंदगी का उजाला दिया,
इतनी शक्ति ऊर्जा दी पवित्र शब्द माँ पुकारता हूँ

तेरे दूध की ही ताकत से माँ बलवान हुआ,
तब जाकर देश की सीमा में दुश्मन से टकराता हूँ।

पिता के करारे थप्पड़ों से तेरे आँचल ने बचाया मुझे,
तब तो देश के गद्दारो से इंसानियत
को बचाता हूँ।

बेशकीमती है तेरे आंसू माँ दूध तो अमृत गंगा है,
उसी के दम पर सरहदों पर दुश्मनों के सर काट पाता हूँ।

माँ तेरे दूध से तो मेरी दुनिया मेरी ताकत है कायम,
तू है तो कभी कृष्ण अर्जुन भीम कभी राम बन पाता हूँ।

आज फिर नन्हा शिशु बना आँचल में समेट ले माँ,
दुनिया की कुटिलता से परे नन्हा तेरा कान्हा बन जाता हूँ।

– संजीव ठाकुर ।

QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन
PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_ Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra-Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

# सार्वजनिक मार्केट प्लेस की पारदर्शी दशक यात्रा

**उमेश चतुर्वेदी**



प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी ने एक नारा दिया था, 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन'। इसके सीईओ मिहिर कुमार कहते हैं कि जीईएम प्रधानमंत्री के इसी दृष्टिकोण को साकार कर रहा है। मिहिर कुमार के अनुसार, सिर्फ नौ साल की ही अवधि में यह पोर्टल देश का सबसे भरोसेमंद डिजिटल खरीद मंच बन गया है।

नौ अगस्त की तारीख हमारे इतिहास में अगस्त क्रांति के लिए प्रसिद्ध है। भारत से अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने वाले निर्णायक 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरूआत इसी दिन हुई। यह तारीख इतिहास में एक और वजह से भी महत्वपूर्ण बन गई है। इसी दिन साल 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक और सरकारी खरीद में पारदर्शिता की शुरूआत के लिए सरकारी मार्केट प्लेस यानी बाजार की शुरूआत जीईएम यानी गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट प्लेस शुरू किया। जीईएम का मूल मंत्र है, पारदर्शी, समावेशी और कुशल शासन की आधारशिला। इस ऑनलाइन सार्वजनिक और पारदर्शी बाजार ने नौ साल की आधिकारिक यात्रा पूरी कर ली है और एक दशक की यात्रा के लिए आगे बढ़ चुका है।

प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी ने एक नारा दिया था, 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन'। इसके सीईओ मिहिर कुमार कहते हैं कि जीईएम प्रधानमंत्री के इसी दृष्टिकोण को साकार कर रहा है। मिहिर कुमार के अनुसार, सिर्फ नौ साल की ही अवधि में यह पोर्टल देश का सबसे भरोसेमंद डिजिटल खरीद मंच बन गया है। पिछले कुछ वर्षों में इस पोर्टल पर महिला उद्यमियों, स्टार्टअप्स, मध्यम और लघु उद्योग, शिल्पकारों, स्थानीय कारीगरों और दिव्यांगजनों समेत पूरे देश के विक्रेताओं और सेवाप्रदाताओं के सशक्तीकरण में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। इस पोर्टल या ऑनलाइन बाजार पर विक्रेताओं के लिए जमानती राशि रखने का प्रावधान है। लेकिन अब इस प्रावधान को खत्म कर दिया गया है। मिहिर कुमार के अनुसार, इसकी वजह से विशेषकर छोटे निर्माताओं और कारोबारियों को ज्यादा फायदा होना है।

सार्वजनिक और सरकारी खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। इसी भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री ने पारदर्शी और समावेशी ऑनलाइन मार्केट की अवधारणा प्रस्तुत की थी। जीईएम उसी अवधारणा का विस्तार है। इसके कामकाज शुरू करने के बाद केंद्र सरकार के सभी दफ्तरों के लिए इसी पोर्टल के जरिए खरीद अनिवार्य कर दिया गया। अब जीईएम प्रबंधन का जोर राज्य सरकारों की खरीद को भी इसी के जरिए जरूरी बनाने पर है। अपने दसवें साल में राज्यों पर फोकस करने की दिशा में जीईएम प्रबंधन ने तैयारी की है। जीईएम को उम्मीद है कि उनके जरिए हो रही सार्वजनिक खरीद में जिस तरह सार्वजनिक क्षेत्र को बचत हो रही है, उसकी वजह से राज्य सरकारें भी इसकी ओर आकर्षित होंगी। वैसे राज्यों की ओर से इसके जरिए खरीद होने भी लगी है। हालांकि उसकी मात्रा अभी कम है। जीईएम के जरिए होने वाली खरीद में अब तक एनटीपीसी को जहां करीब दो हजार करोड़ की बचत हुई है, वहीं बैंक ऑफ बड़ोदा को 34 करोड़। इसी तरह भारतीय नौसेना ने भी पंद्रह करोड़ की बचत की है। जीईएम के अधिकारी तो इसे स्वीकार नहीं करते, लेकिन जाहिर है कि यह बचत जहां खरीद में घपले की कमी से हुई है, वहीं सार्वजनिक मार्केट प्लेस पर उपलब्ध ढेरों और गुणवत्तापूर्ण सामानों में मूल्यों को लेकर हुई प्रतिद्वंद्विता की वजह से हुई है।

जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार के अनुसार, इस ऑनलाइन मार्केट प्लेस ने सिर्फ खुद के दम पर साल 2024-25 में 5.4 लाख करोड़ रुपये के सकल व्यापारिक मूल्य सार्वजनिक खरीद को न केवल सुव्यवस्थित किया है, बल्कि शासन में पहुंच, समानता और सशक्तीकरण को फिर से पारिभाषित किया है।

जीईएम ने अपने स्थापना के दसवें वर्ष का सूत्र वाक्य, सुगमता, पहुंच और समावेशन विषयों पर केन्द्रित किया है। मिहिर कुमार का कहना है कि उसका यह सूत्र वाक्य सार्वजनिक खरीद को अधिक सुलभ और न्यायसंगत बनाने की दिशा में उनके संगठन की प्रतिबद्धता और पारदर्शी कामकाज को प्रदर्शित करता है। मिहिर कुमार यह भी कहते हैं कि वैसे तो ऑनलाइन खरीद के कई पोर्टल हैं। लेकिन वे सभी कारोबारी पोर्टल हैं, जबकि जीईएम मार्केट प्लेस है। वह खुद कारोबार नहीं करता, बल्कि पारदर्शी कारोबार का मंच उपलब्ध कराता है। जिसमें खरीददार और विक्रेता, दोनों का फायदा है।

जीईएम की कामयाबी ही कही जाएगी कि इसके जरिए अब तक तीन करोड़ से ज्यादा खरीदादारी हो चुकी है। जिनके जरिए 4.81 लाख करोड़ की खरीददारी हुई है। इस मार्केट प्लेस पर मौजूदा वित्त वर्ष में 11हजार से ज्यादा प्रोडक्ट, 344 से ज्यादा सर्विस श्रेणी, 20 लाख से ज्यादा ऑर्डर मिल चुके हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस पोर्टल पर सबकुछ ऑटोमेशन में सॉफ्टवेयर संचालित है, कोई मैनुअल हस्तक्षेप नहीं है। हालांकि जीईएम के अधिकारी मानते हैं कि इसमें और सुधार की गुंजाइश है और वह लगातार होती रहेगी। ताकि खरीद-बिक्री में पारदर्शिता बरकरार रहे।

यह ठीक है कि अब विक्रेताओं के लिए जमानती राशि की व्यवस्था खत्म कर दी गई है। इसके साथ ही जीईएम ने कई और सुधार शुरू किये हैं। इसमें विक्रेता के मूल्यांकन शुल्क को तार्किक बनाना और लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कमी करना भी सामिल है। वेंडर चार्ज भी पहले की तुलना में 68 प्रतिशत से लेकर 92 प्रतिशत तक कम किए जा चुके हैं। इन सबकी वजह से यहां मिलने वाले 97 प्रतिशत ऑर्डरों को छूट मिल गई है। मिहिर कुमार कहते हैं कि उनकी कोशिश, विक्रेताओं को सशक्त बनाना, मध्यम और लघु उद्योगो बढ़ावा देने की है। इस दिशा में पहली बार विक्रेताओं और छोटे उद्यमों के लिए मजबूत सहायता द्वारा समर्थन दिया जा रहा है।

जीईएम की कोशिश ना सिर्फ बड़े, बल्कि दूर-दराज के इलाकों में स्थित कारीगरों, निर्माताओं, उद्यमियों और कारोबारियों को समावेशी मंच उपलब्ध कराना भी है। जीईएम के अधिकारी कहते हैं कि उनका ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि आदिवासी कारीगरों से लेकर तकनीक-संचालित स्टार्टअप तक हर उद्यम तक सार्वजनिक खरीद के अवसरों आसानी से पहुंच सकें। इस दिशा में इसके दिल्ली मुख्यालय में छह अगस्त को जीईएम विक्रेता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जीईएम के मंच पर देश के हर वर्ग के उद्यमियों, कारोबारियों और निर्माताओं को साथ लाने की कोशिश हुई।

कागज रहित, वास्तविक समय के लेन-देन को सक्षम बनाने से लेकर स्वास्थ्य, खनन और बीमा में करोड़ों रुपये के अनुबंधों को सुगम बनाने तक, जीईएम ने नीति निर्माण और जमीनी स्तर की भागीदारी के बीच की खाई को पाटने की सफल कोशिश की है। दसवें वर्ष में दाखिल होते हुए इसके अधिकारियों ने अनूठी शपथ ली है। उनका कहना है कि वे सार्वजनिक खरीद को नागरिक-केंद्रित, डेटा-संचालित और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि सार्वजनिक खरीद में इन विशेषताओं के बावजूद कुछ अतिरिक्त की चाहत रखने वाले भ्रष्टाचारी तत्व अब भी कुछ ना कुछ राह निकाल लेते हैं। जिस पर काबू पाने के लिए जीईएम के इंजीनियर लगातार सक्रिय रहते हैं। फिर भी उम्मीद की जानी चाहिए कि अपने एक दशक की यात्रा में यह सार्वजनिक ऑनलाइन बाजार पारदर्शिता की नई मिसाल कायम करेगा। इस संदर्भ में जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार के इन शब्दों को देखा-परखा जा सकता है। वे कहते हैं, ÷पारदर्शिता को परिवर्तन के साथ जोड़ते हुए, त्ददरू भारत के खरीद परिदृश्य की रीढ़ बन गया है। यह 9वाँ स्थापना दिवस केवल संख्याओं का नहीं, बल्कि उन लोगों का उत्सव है, जो शासन को अधिक सुलभ, समावेशी और प्रभावशाली बनाते हैं।÷

**यह निजी विचार है।**

# एकपक्षीय सीमा शुल्क बढ़ाना अन्यायपूर्ण और अनुचित

**अवधेश कुमार**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जब तक हम टैक्स या शुल्क का मामला सुलझा नहीं लेते तब तक भारत के साथ व्यापार वार्ता नहीं होगी। दोबारा राष्ट्रपति पद संभालने के बाद ट्रंप के व्यवहार में जितनी अस्थिरता और उतार चढ़ाव है उसमें आगे वे क्या करेंगे कहना कठिन है । तत्काल यह ऐसी स्थिति है जिसमें भारत को सामूहिक राष्ट्रीय भावनाओं को अभिव्यक्त करना है तो दूसरी ओर अपनी क्षमता को समझ साहस के साथ व्यावहारिक दृष्टि से सामना करते हुए रास्ता भी निकालना है।

ट्रंप ने पहले 25 प्रतिशत टैरिफ या आयात शुल्क लगाया जो 7 अगस्त से प्रभावी है और पुनः एक कार्यकारी आदेश पर उन्होंने हस्ताक्षर किए जिससे रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है जो 27 अगस्त से लागू होगा। इस तरह 50 प्रतिशत का यह सीमा शुल्क अमेरिका द्वारा दुनिया में किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक सीमा शुल्कों में से एक है। भारत की प्रतिक्रिया बिल्कुल स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि हम अपने किसानों और डेयरी क्षेत्र में लगे लोगों की हर कीमत पर रक्षा करेंगे और इसमें हमको निजी क्षति भी उठानी पड़ेगी। किसी व्यापारिक साझेदार देश के विरु द्ध बगैर किसी अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन के एकपक्षीय सीमा शुल्क बढ़ाना यानी जुर्माना लगाना अंतरराष्ट्रीय मानकों के विपरीत है।

यह अन्यायपूर्ण और अनुचित दोनों है। हम यह भी मानते हैं कि अमेरिका के साथ सीमा शुल्क बढ़ने से भारत नष्ट नहीं हो जाएगा और दुनिया में उसके लिए निर्यात के रास्ते बंद नहीं होंगे। अमेरिका के उत्पादकों के लिए भी इतना बड़ा बाजार छोड़ना आसान नहीं होगा कि पूरी तरह व्यापारिक रिश्ते ही समाप्त हो जाए। किंतु यह तर्क भी व्यावहारिक दृष्टि से गले नहीं उतरता कि 1971 में अमेरिका ने सातवां बेड़ा भेज दिया हमने फिर भी बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में सफलता प्राप्त की या अमेरिका ने अकाल के समय मदद नहीं दिया या भारत के परमाणु विस्फोट के बाद प्रतिबंध लगा दिया, क्रायोजेनिक इंजन नहीं दिया फिर भी हम एक राष्ट्र के नाते आज दुनिया के शीर्ष देश की श्रेणी में खड़ा होने की स्थिति में हैं।

वास्तव में ये बातें तब की हैं जब भारत के लिए निर्यातक देश होने की कल्पना कठिन थी। पिछले वित्त वर्ष में भारत का कुल निर्यात 821 अरब डालर था। इनमें 437.42 अरब डॉलर का वस्तु निर्यात और 383.51 अरब डॉलर का सेवा निर्यात शामिल है। इसमें सबसे ज्यादा अमेरिका को 88 अरब डॉलर निर्यात किया गया था। भारत के कुल निर्यात में अकेले अमेरिका की हिस्सेदारी 23त्न है। भारत के लिए इतने व्यापार अधिशेष यानी व्यापारिक लाभ वाला अमेरिका ऐसा अकेला देश है। अमेरिका के बढ़े सीमा शुल्क का असर भारत के अमेरिका को होने वाले 50-55 त्न निर्यात पर पड़ेगा। इससे वस्तु निर्यात में गिरावट की संभावना है। भारतीय माल जब अमेरिका में 30-35 प्रतिशत महंगा होगा तो समस्या आएगी। इसकी तत्काल भरपाई संभव नहीं। इसका असर विकास पर कितना होगा इसे लेकर अलग-अलग आकलन है।

एक व्यवहारिक आकलन यही है कि विकास दर में .4 प्रतिशत की कमी आ सकती है। यही नहीं कपड़ा और परिधान क्षेत्र में 17 लाख, अपैरल में 13 लाख, रसायन और रसायन उत्पादन क्षेत्र में 10 लाख , चमड़ा क्षेत्र में चार लाख तथा रत्न एवं आभूषण में तीन लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। इसके अलावा इनमें परोक्ष रोजगार प्राप्त करने वालों की संख्या भी बहुत बड़ी है। तो एक बड़े भाग के रोजगार पर असर पड़ सकता है। अमेरिका की रिटेल कंपनियां अमेजॉन, वॉलमार्ट , टारगेट और गैप ने भारतीय निर्यातकों को अगले आदेश तक शिपमेंट रोकने को कहा है। व्यावहारिक स्तर पर इसका अनेक क्षेत्रों में नुकसान होगा जिसमें सर्वप्रमुख है कपड़ा और परिधान। अमेरिका भारत के कपड़ा और परिधान का सबसे बड़ा ग्राहक है। भारत द्विपक्षीय व्यापार वार्ता द्वारा इसे सुलझाने की कोशिश कर रहा था। अमेरिकी मांगों को स्वीकार करना या उनके दबाव के आधार पर निर्णय करना भारत के लिए न संभव था और न व्यावहारिक ही होता। कृषि और डेयरी उत्पादों में अमेरिका अपने किसानों को जबरदस्त सब्सिडी देता है जिस कारण उनके उत्पाद सस्ते होते हैं। दूसरे, अमेरिका अपने गायों को चारा में मांसाहार भी कराता है जबकि भारत में दूध और उसके सारे उत्पादन निरामिष और वैष्णव भजन की श्रेणी में आते हैं।

यह ऐसा संस्कृतिक अंतर है जिसे किसी सूरत में पाटा ही नहीं जा सकता। भारत में जीएम फूड और बीज का उपयोग नहीं किया जा सकता जबकि अमेरिका इसके लिए दबाव डाल रहा है। कृषि क्षेत्र के बाजार को अमेरिकी कल्पना के अनुरूप खोला ही नहीं जा सकता। रूस से तेल खरीदने का विषय भी जटिल है। व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि भारत अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल रूसी तेल खरीदने में कर रहा है और यही पैसा रूस अपने हथियारों के लिए इस्तेमाल करता है। अगर भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे तो उसे 1.2 अरब डॉलर का अतिरिक्त आयात बिल चुकाना पड़ेगा।

2022 से रूसी तेल की खरीद में काफी वृद्धि हुई। आज भारत के तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 35.01त्न है। हालांकि भारत ने धीरे-धीरे रूसी तेल आयात में कमी लाई है क्योंकि 2022 में अमेरिका और यूरोप द्वारा रूसी तेल मूल्य पर कैप लगाने से भारत को काफी मुनाफा हुआ। अमेरिका के अंदर ट्रंप की इस नीति के विरु द्ध कई स्तरों पर आवाज उठ रहे हैं। संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के सदस्य ग्रेगडी मिक्स ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ युद्ध ने अमेरिका भारत साझेदारी को मजबूत बनाने के वर्षों में किए गए काम को जोखिम में डाल दिया है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बौल्टन ने लिखा है कि चीन के मुकाबले भारत पर कठोर व्यापार शुल्क लगाना ट्रंप की बड़ी भूल है। मित्र और दुश्मन दोनों पर समान रूप से शुल्क लगाकर अमेरिका ने दशकों में बनी भरोसे की पूंजी कमाई है। सीमा शुल्क बढ़ने से उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद महंगे होंगे और अनेक क्षेत्रों में नौकरियां जानें आदि की समस्याएं पैदा हो रही है। भारत दबाव में आने वाला देश नहीं है और इससे हमें कोई लाभ भी नहीं होने वाला।

**(लेख में विचार निजी हैं)**

## भारत की स्थिति चीन से बहुत भिन्न

**डॉ. प्रभात दीक्षित**

दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश रहे चीन को आज अपनी घटती जनसंख्या की भरपाई के लिए बड़ी आर्थिक योजनाएं लानी पड़ रही हैं। चीन ने घोषणा की है कि वह तीन साल से कम उम्र के प्रत्येक बच्चे के लिए सालाना 3,600 युआन यानी लगभग 1,500 डॉलर (1.25 लाख रु पये) की नकद मदद देगा। यह योजना जनसंख्या को बढ़ावा देने के लिए लाई जा रही है क्योंकि चीन की जन्म दर ऐतिहासिक रूप से नीचे पहुंच गई है। 2023 में चीन की कुल जनसंख्या में 61 वर्षों में पहली बार गिरावट दर्ज की गई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, चीन की टोटल फीर्टिलटी रेट सिर्फ 1.09 है, जबकि जनसंख्या को स्थिर बनाए रखने के लिए 2.1 का स्तर जरूरी होता है।

यह उदाहरण दिखाता है कि जनसंख्या नियंत्रण सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है, यह सामाजिक, आर्थिक और रणनीतिक रूप से एक बेहद संवेदनशील विषय है। भारत ने 2023 में चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश बनने का 'टैग' प्राप्त किया, लेकिन भारत की स्थिति चीन से बहुत भिन्न है। भारत में नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे -5 के अनुसार, कुल प्रजनन दर अब 2.0 पर आ गई है-यह भी रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे है। इसका मतलब यह है कि भारत की जनसंख्या अब धीरे-धीरे स्थिर हो रही है, और भविष्य में इसमें गिरावट की संभावना भी जताई जा रही है। इस स्थिति को सकारात्मक नजरिए से देखा जाए तो यह भारत के लिए एक डेमोग्राफिक डिविडेंड का सुनहरा अवसर है।

भारत में अभी भी 65त्न से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। इसका मतलब यह है कि हमारे पास कामकाजी युवाओं की बड़ी फौज है, जो आने वाले वर्षों में देश की आर्थिक विकास यात्रा को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। चीन आज जिस संकट से जूझ रहा है जहां बूढ़ी होती जनसंख्या के साथ कामकाजी हाथ कम होते जा रहे हैं, भारत उस स्थिति से अभी दूर है। भारत को यहां एक संतुलित नीति अपनाने की जरूरत है। न तो अंधाधुंध जनसंख्या बढ़ाने की सोच हो, न ही अतिवादी नियंत्रण की।

भारत के कई दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी राज्यों में पहले ही जनसंख्या वृद्धि रुक गई है। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अब 1.6 से 1.8 के बीच है, जो चिंता का विषय है। वहीं बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड जैसे राज्यों में अभी भी 2.5 के आसपास है। ये क्षेत्रीय असंतुलन भविष्य में सामाजिक और आर्थिक ढांचे को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए एक सकारात्मक रणनीति यह होगी कि हम जनसंख्या वृद्धि की जगह जनसंख्या की गुणवत्ता पर ध्यान दें।

भारत को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर हम यह सुनिश्चित कर सकें कि हर बच्चा स्कूल में जाए, हर महिला को स्वास्थ्य सुविधा और बराबरी का अवसर मिले और हर युवा को हुनरमंद बनाया जाए, तो यही जनसंख्या हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी। इसके साथ ही, भारत को आने वाले दशकों में बुजुगरे की संख्या बढ़ने की संभावना को भी समझना होगा और उनके लिए स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना होगा। आज जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं जनसंख्या की कमी से जूझ रही हैं जैसे जापान, कोरिया, इटली, रूस और अब भारत के पास एक बड़ा अवसर है कि वह अपने डेमोग्राफिक एडवांटेज को आर्थिक व सामाजिक प्रगति में बदल सके। इसके लिए नीति-निर्माताओं को दीर्घकालिक सोच अपनानी होगी। शिक्षा और रोजगार को केंद्र में रखकर भारत यदि अपनी युवा शक्ति को अवसर दे, तो जनसंख्या कभी बोझ नहीं बनेगी। चीन आज जिन योजनाओं को लागू कर रहा है बच्चों के पालन-पोषण में आर्थिक सहायता, मातृत्व अवकाश, डे-केयर सुविधा और सामाजिक सुरक्षा वह भारत के लिए संकेत हैं कि हमें भी समय रहते अपने सामाजिक ढांचे को मजबूत करना होगा। हालांकि भारत की आर्थिक स्थिति चीन से अलग है, लेकिन नवाचार और सामुदायिक सहयोग से हम एक ऐसा मॉडल बना सकते हैं जिसमें जनसंख्या को लाभ में बदला जा सके।

**यह निजी विचार है।**

# नकली कीटनाशक, खाद-बीज बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

पीआईबी

### केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किया रायसेन स्थित खेत का औचक निरीक्षण, किसानों की जली फ़सल देख जताई नाराज़गी, दोषी कंपनी पर होगी सख्त कार्रवाई

### वैज्ञानिकों का उच्चस्तरीय दल इन खेतों का निरीक्षण करेगा- श्री शिवराज सिंह

### नकली खाद-बीज बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ़पूरे देश में चलेगा व्यापक अभियान- श्री चौहान

### किसानों को मिलेगा पूरा न्याय- केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान





**पीआईबी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मध्य प्रदेश के रायसेन ज़िले के छीरखेड़ा गाँव में सोयाबीन के खेतों का औचक निरीक्षण किया। केंद्रीय मंत्री को शिकायत मिली थी कि खरपतवारनाशक दवा डालने से किसानों की सोयाबीन की फ़सल पूरी तरह से नष्ट हो गई है। कृषि मंत्री श्री चौहान, अचानक खेतों में पहुँचे और सैकड़ों किसानों और कृषि विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने पाया कि खेतों में सोयाबीन की जगह खरपतवार खड़े हैं और पूरी फ़सल जल चुकी है। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह नुकसान HPM कंपनी की दवा डालने से हुआ है। श्री चौहान ने कहा कि यह समस्या सिर्फएक खेत तक सीमित नहीं है, बल्कि कई किसानों ने ऐसी शिकायतें की हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि इस मामले में की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय वैज्ञानिकों का दल प्रभावित खेतों का निरीक्षण करेगा और जांच कर दोषी कंपनी के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

श्री शिवराज सिंह के निर्देश पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा तत्काल जांच समिति गठित कर दी गई है। इस समिति में ICAR के खरपतवार अनुसंधान निदेशालय (DWR), जबलपुर के निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्रा को चेयरमैन बनाया गया है। साथ ही, अटारी जोन 9 के निदेशक डॉ. एस.आर.के. सिंह, रायसेन- विदिशा जिले के कृषि उप संचालक एवं कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख को सदस्य बनाया गया है । यह समिति कल 18 अगस्त को मौके पर जाएगी। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि किसान की फ़सल चली गई तो उसकी जिंदगी ही चली गई। किसानों को राहत जरूर मिलेगी और इसकी जिम्मेदारी कंपनी की होगी। श्री शिवराज सिंह चौहान ने यह भी साफ किया कि KVK रायसेन के वैज्ञानिक द्वारा दिया गया प्रतिवेदन सही नहीं है, इसलिए इस मामले की जांच यह नई टीम करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों को पूरा न्याय मिलेगा और नकली कीटनाशक, खाद-बीज बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ पूरे देश में व्यापक अभियान चलाया जाएगा जो नकली और खतरनाक दवाइयाँ बेचकर किसानों के साथ धोखा करती हैं।



किश्तवाड़ बाढ़: चिसोती गांव में खोज और बचाव अभियान जारी.



उत्तरकाशी के हरसिल क्षेत्र में बादल फटने से आई बाढ़ के बाद बनी एक अस्थायी झील।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने उपभोक्ता मामलों के 100 प्रतिशत से अधिक निपटान की दर हासिल की

### अकेले इस वर्ष ई-जागृति पर 85,531 मामले दर्ज किए गए हैं

**पीआईबी।** देश में उपभोक्ता शिकायत निवारण की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के साथ दस राज्यों ने जुलाई 2025 में 100 प्रतिशत से अधिक की निपटान दर दर्ज की। यह दर्शाता है कि इस अवधि के दौरान निपटाए गए मामलों की संख्या दर्ज मामलों की संख्या से अधिक थी। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग के आंकड़ों के अनुसार, एनसीडीआरसी ने 122 प्रतिशत की निपटान दर हासिल की, जबकि तमिलनाडु में 277 प्रतिशत, राजस्थान में 214 प्रतिशत, तेलंगाना में 158 प्रतिशत हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 150 प्रतिशत, मेघालय में 140 प्रतिशत, केरल में 122 प्रतिशत, पुद्दुचेरी में 111 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 108 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 101 प्रतिशत की निपटान दर दर्ज की गई। 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक की अवधि के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि देश भर में उपभोक्ता मामलों का समग्र निपटान 2024 की इसी अवधि की तुलना में बहुत अधिक है।

## केसिंगा शहर का विकास के लिए हम सदा आगे हैं : डॉक्टर साह

लोकशक्ति

केसिंगा सिटिजन फ्रॉम द्वारा स्थानीय उच्च विद्यालय के सभागार में केसिंगा एवं आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक के अध्यक्ष डॉक्टर हेमसागर साह के नेतृत्व में हर समस्याओं का समाधान के लिए जिल्ला पाल सचिन पवार महोदय से लेकर के जिल्ला के सभी वर्ग के उच्च अधिकारी गण उपस्थित थे। इनमें से प्रमुख स्थानीय वीडियो, तहसीलदार, निर्भायी अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, रेल प्रशासन, रोड विभाग के उच्च अधिकारी, कालाहांडी जिल्ला के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अधिकारी, इन तमाम अधिकारियों ने मिलकर के केसिंगा एवं आसपास के क्षेत्र में हर समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र होने का आश्वासन दिया है।




इनमें से एक प्रमुख कसूर पडा के कुछ बुद्धिजीवी गन आकर के जिल्ला पाल महोदय को एक ज्ञापन सोपा है। इस ज्ञापन में प्रमुख समस्या है कि किसानों को पानी यथाशीघ्र मिले। विगत कई वर्षों से केसिंगा सिटिजन फ्रॅम केसिंगा के हर जाति धर्म के लोगों के समस्याऊ का समाधान करने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। चाहे वह बिजली की समस्या हो,रोड की समस्या हो,पैय जल की समस्या हो, स्वास्थ्य की समस्याओं को लेकर के बहुत सुंन्दर ढंग से विचार विमर्श किया गया। इन सभी समस्याओं के बारे में माननीय जिल्ला पाल बहुत ही अपना समय निकालकर के विगत कई दिनों से जो समस्याओं का हल नहीं निकल पा रहा था वह सभी समस्याओं को लेकर के काफ ी देर तक सभी अधिकारियों से रूबरू हुए। इनमें से कई समस्याओं का समाधान हो चुका है। यह सभी समस्याओं का समाधान करने में स्थानीय वरिष्ठ समाजसेवी एवं सिटीजन फॉर्म के अध्यक्ष डॉक्टर हेमसागर साह का भारी योगदान रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सिटीजन फॉर्म ने कोई कसर नहीं छोड़ी । स्थानीय पत्रकारों से लेकर के हर वर्ग के लोग एवं समाज सेबी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।कार्यक्रम के संचालन सिटिजन फॉम के महासचिव आचार्य सर ने किया।एवं धन्यवाद ज्ञापन भी दिया।

## श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आईआईटी दिल्ली के विद्यार्थियों से आत्मनिर्भर भारत के लिए नवाचार को बढ़ावा देने का आह्वान किया

पीआईबी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली का दौरा किया जहां उन्होंने स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट के विद्यार्थियों के साथ-साथ नवप्रवर्तकों और शोधकर्ताओं से बातचीत की। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. विनीत जोशी, आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी और शिक्षा मंत्रालय तथा आईआईटी दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



बातचीत के दौरान, मंत्री महोदय ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान समय आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर देने, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देने और 2047 तक 'समृद्ध भारत' के विजन को पूरा करने का एक अनूठा अवसर है।

मंत्री महोदय ने विद्यार्थियों के साथ बातचीत की और उनके सपनों, आकांक्षाओं, शोध के क्षेत्रों, उनके सामने मौजूद तकनीकी चुनौतियों और प्रधानमंत्री द्वारा उल्लिखित चुनौतियों एवं अवसरों पर उनके दृष्टिकोण के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने क्षमताओं को बढ़ाने और नवाचार की भावना का विस्तार करने पर भी अपने विचार साझा किए।

मंत्री ने विद्यार्थियों को अपने नवीन विचारों को सामने लाने, चुनौतियों पर काम करने तथा हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने तक प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि सरकार हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य बनाने और भारत को समाधानों के वैश्विक केन्द्र के रूप में स्थापित करने के लिए भारत के नवप्रवर्तकों और शोधकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए, मंत्री महोदय ने विश्वास व्यक्त किया कि हमारे युवाओं की प्रतिभा, दृढ़ता और संकल्प के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की खोज भारत की क्षमताओं को मजबूत करने के साथ-साथ उसकी तकनीकी और आर्थिक संप्रभुता को बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की नींव के रूप में आईआईटी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी के अटूट समर्थन से, प्रतिभाशाली युवाशक्ति प्रौद्योगिकी, नवाचार और उद्यमिता के नियमों को नए सिरे से लिखने और एक 'समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत' का निर्माण करने जा रही हैं।

मंत्री महोदय ने यह भी कहा कि वे विद्यार्थियों द्वारा विकसित किए जा रहे नवाचारों की समीक्षा करने के लिए संस्थान का पुनः दौरा करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. विनीत जोशी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं की भूमिका पर प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संदेश को दोहराया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभाग, आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप नवाचार को बढ़ावा देने, अनुसंधान क्षमताओं को मजबूत करने और राष्ट्रीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रहा है।

Truhome FINANCE

**मांग सूचना**

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**
**( पूर्व नाम श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड )**

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तेनाम्पेट, चेन्नई-600018
**मुख्य कार्यालय:** लेवल 3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051 **वेबसाइट:** www.truhomefinance.in

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं ने ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और उक्त ऋण खातों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI ACT) की धारा 13(2) के अंतर्गत उनके अंतिम ज्ञात पते पर मांग नोटिस जारी किया गया था। उक्त मांग नोटिस के अतिरिक्त, उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया है।
उधारकर्ताओं, प्रतिभूतियों, बकाया राशि, धारा 13(2) के अंतर्गत भेजे गए मांग नोटिस और उसके अंतर्गत दावा की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है।-

| उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ नाम और पता | सुरक्षित परिसंपत्तियों का संपत्ति पता | डिमांड नोटिस दिनांक एवं देय राशि रु. में. |
|---|---|---|
| **1. श्री योगेश वर्मा पुत्र श्री चंद्रिका प्रसाद वर्मा<br>2. श्रीमती रमा वर्मा पत्नी श्री योगेश वर्मा<br><br>पता - अपना घर कॉलोनी, छुईया, मंगलम कॉलोनी के पास, बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़ - 493332<br>स्थान - वार्ड क्रमांक 7, पीतल कारखाना के पीछे, शक्तिपारा, बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़ - 493332<br><br>ऋण राशि - रु. 8,75,848/- और रु. 7,43,856/-<br><br>LAN - SBTHRAIP0000444 और SELHRAIP0000471<br><br>एनपीए तिथि - 03.08.2025** | आवासीय प्लॉट क्रमांक 34, वर्धमान कॉलोनी पी-II, खसरा क्रमांक 856/18, संयुक्त खसरा क्रमांक 857/18, 858/18, 859/18, मौजा छुइहा मालगुजारी, पी. एच. क्रमांक 08, आरआई सर्कल बलौदाबाजार, ब्लॉक बलौदाबाजार, तहसील बलौदाबाजार और जिला बलौदाबाजार भाटापारा, छत्तीसगढ़। माप क्षेत्रफल 1032 वर्ग. ।<br>सीमा:<br>उत्तर:- प्लॉट नंबर (पी-2) 24<br>दक्षिण:- रास्ता<br>पूर्व:- प्लॉट नंबर (पी-2) 33<br>पश्चिम:- प्लॉट नंबर (पी-2) 35 | डिमांड नोटिस दिनांक - 11-08-2025<br><br>रु. 9,30,887/- ऋण खाता संख्या SBTHRAIP0000444 में तथा रु. 8,44,486/- ऋण खाता संख्या SELHRAIP0000471 में दिनांक 06/06/2025 तक कुल रु. 17,75,373/- तथा साथ में ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि। |
| **1. श्रीमती पुष्पलता त्रिपाठी पत्नी श्री भास्कर प्रसाद त्रिपाठी<br>2. श्री भास्कर प्रसाद त्रिपाठी पुत्र श्री भागवत प्रसाद त्रिपाठी<br><br>पता - वासुदेव कन्वेंशन, मकान नंबर 1469, विवेकानन्द नगर, फेस 2, मोपका (बीएसपी), बिलासपुर, छ.ग. - 495006<br>इसके अलावा -<br>बी-197, शक्ति नगर, गेवरा प्रोजेक्ट, दीपका, कटघोरा, कोरबा, छ.ग. - 495452<br><br>ऋण राशि - रु. 19,98,050/-<br><br>लैन - SLPHBILA0000164<br><br>एनपीए दिनांक - 03.08.2025** | व्यावसायिक दुकान क्रमांक एफ.एस.-06, प्रथम तल, स्वर्ण रेजीडेंसी फेज-II, खसरा क्रमांक 198/22, 198/52, 198/216, 198/217, 198/486, 198/487, 198/100, 198/102 शीट क्रमांक 11, 15 प्लॉट क्रमांक 7/1, 9, 13, 15, 16, मौजा - लिंगियाडीह, पी.एच. क्रमांक 20, आर.आई. सर्किल मोपका, ब्लॉक बिल्हा, तहसील और जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 300 वर्ग फीट।<br>सीमा:<br>उत्तर: गलियारा,<br>दक्षिण: दुकान क्रमांक एफ.एस.-04,<br>पूर्व: दुकान क्रमांक एफ.एस.-05,<br>पश्चिम: दुकान क्रमांक एफ.एस.-07 | डिमांड नोटिस दिनांक 11-08-2025<br><br>रु. 21,26,965/- 08/08/2025 तक साथ में ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि। |

इसलिए आप उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि आप इस नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर ऊपर उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें, साथ ही भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक ब्याज और दंडात्मक ब्याज भी दें, जो देय हो सकता है, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को उपरोक्त प्रतिभूतियों को लागू करने के लिए SARFAESI अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने से रोका जाता है।

स्थान: बलौदाबाजार भाटापारा और बिलासपुर
दिनांक: 18-08-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी- ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पहले श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# आधी रात को-हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के शब्द ध्वनि से गुंज उठा मठ

संवाददाता

जांजगीर चांपा /

राजधानी रायपुर के सबसे प्राचीन स्थलों में से एक श्री दूधाधारी मठ में जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्री कृष्ण चंद्र जी का जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। मंदिर को दिव्य विद्युत रोशनी से आलोकित किया गया है। रात्रि जैसे-जैसे गहराती गई लोगों का सैलाब उमड़ना प्रारंभ हुआ। लोगों को नियंत्रित करने में पुलिस बल को भी मशक्कत करनी पड़ी। आधी रात को पूरा मठ परिसर *हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की* के शब्द ध्वनि से गुंज उठा। लोग भगवान के स्वर्ण श्रृंगार का दर्शन करने के लिए लालायित थे। सबसे पहले श्री बालाजी मंदिर में तथा इसके पश्चात संकट मोचन हनुमान जी एवं राम पंचायतन में पूजा अर्चना संपन्न हुआ। राजधानी एवं राज्य के अनेक स्थानों से आए हुए दर्शनार्थियों ने भगवान का दर्शन पूजन कर अपना जीवन धन्य बनाया। मंदिर परिसर में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया था जिसमें मयंक स्वस्तिक





भजन ग्रुप टिकरापारा रायपुर से आए हुए कलाकारों ने बेहतरीन भजन गायन करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोग उनके प्रत्येक गानों पर श्रद्धा भक्ति पूर्वक नृत्य करते एवं झूमते हुए नजर आये। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने अपने संदेश में कहा है कि- जब से श्री दूधाधारी मठ की स्थापना हुई है तब से लेकर आज पर्यंत यहां जन्माष्टमी महोत्सव बहुत ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया जाता है। भगवान का स्वर्ण श्रृंगार किया गया है, श्रद्धालु भक्तजन 19 अगस्त तक भगवान के इस दिव्य स्वरूप का दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष में केवल तीन बार ही भगवान का स्वर्ण श्रृंगार किया जाता है जिसके दर्शन के लिए लोग प्रतीक्षारत रहते हैं। यह विशेष श्रृंगार रामनवमी, जन्माष्टमी एवं विजयदशमी अर्थात दशहरा के अवसर पर किया जाता है। उन्होंने संपूर्ण देशवासियों को जन्माष्टमी महोत्सव की शुभकामनाओं सहित बधाई दी है।

## जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने किया ध्वजारोहण



**राजनांदगांव।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत राजनांदगांव में स्वतंत्रता दिवस की 79 वर्षगांठ पर ध्वजारोहण राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर के द्वारा किया गया.ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान एवं तिरंगे को सलामी दिया गया तथा भारत माता की जय घोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ,तत्पश्चात मिठाई वितरण किया गया।

# ग्राम पाटेकोहरा सरपंच का सराहनीय कदम : शिक्षा को मिला डिजिटल पंख

*पाटेकोहरा* - स्वतंत्रता दिवस केवल ध्वजारोहण और परेड तक सीमित नहीं, बल्कि यह दिन हमें समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी का भी अहसास कराता है। इसी जिम्मेदारी का परिचय दिया है ग्राम पाटेकोहरा के ऊर्जावान सरपंच महेंद्र सिंह कँवर* ने। आजादी के 79वें वर्षगांठ पर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए *शासकीय स्कूल को दो अत्याधुनिक कंप्यूटर सेट भेंट किए।* यह सिर्फ एक तकनीकी उपकरण का वितरण नहीं, बल्कि ग्रामीण बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ाया गया एक सुनहरा कदम है। गांव के बच्चों को अब कंप्यूटर साक्षरता से लेकर डिजिटल ज्ञान तक का लाभ मिलेगा। ग्रामीण अंचल में जब आधुनिक तकनीक का प्रवेश होता है, तब न सिर्फ शिक्षा का स्तर ऊँचा होता है बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की क्षमता भी बढ़ती है। कार्यक्रम में मौजूद **ग्रामवासी, शिक्षकगण, शाला विकास समिति, पंचायत प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक एवं छात्र-छात्राओं** ने सरपंच के इस



दूरदर्शी निर्णय का जोरदार स्वागत किया। लोगों का कहना था कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए *÷शिक्षा क्रांति का बीजारोपण÷* साबित होगी। दरअसल, जब कोई जनप्रतिनिधि केवल विकास कार्यों तक सीमित न रहकर शिक्षा और तकनीक में निवेश करता है, तभी समाज सशक्त और आत्मनिर्भर बनता है। सरपंच महेंद्र सिंह कँवर का यह प्रयास इस बात का स्पष्ट संदेश है कि ÷गांव की तरक्की का रास्ता शिक्षा से होकर ही गुजरता है।÷

# मूर्तिकारों द्वारा हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ के विरुद्ध सौंपा गया ज्ञापन

जांजगीर चांपा

हिंदू देवी-देवता हिंदुओं के आराध्य हैं और सनातन धर्म में उनकी मूर्ति निर्माण श्रद्धा व परंपरा के साथ होता है । जांजगीर चांपा जिले के मूर्तिकार व कारीगर हिंदू देवी-देवताओं के मूर्ति निर्माण में अपनी मनमानी कर मूर्ति के मूल स्वरूप में छेड़छाड़ कर कार्टून व हास्यास्पद रूप देकर उनका मजाक उड़ाने का काम कर, हिंदुओं के धार्मिक आस्था व भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर उनकी आस्था को ठेस चोट पहुंचाने का काम कर रहे हैं जिससे हिंदू धर्म के लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है जिसके कारण लोगों में असंतोष व्याप्त है। धर्म जागरण जिला जांजगीर चांपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा इस संबंध में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के लिए जिला पुलिस प्रशासन को ज्ञापन



सौंपा गया और इस प्रकार के दोष को ÷धार्मिक अपराध की श्रेणी÷ में रखकर कार्यवाही करने हेतु कहा गया। यदि दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं होती है तो उग्र आंदोलन व धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपते समय रूपेश कश्यप (जिला संयोजक धर्म जागरण), विजय कश्यप (जिला सहसंयोजक), सुरभुप राठौर (अध्यक्ष, धर्म रक्षा समिति), बसंत बरेठ, महेश यादव, क्लिंटन कुम्हार, शिवम राठौर, घनश्याम देवांगन, दिनेश देवांगन, अतुल देवांगन, कृष्णा मिश्रा, पुरुषोत्तम झा ,डालु,लाला कश्यप एवं अन्य कार्यकर्ता बड़ी मात्रा में उपस्थित थे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व गौशाला परिसर में धूमधाम से मनाया गया..

जांजगीर चांपा।

## मंदिर में वाल गोपाल के दर्शन के लिए लगी रही भक्तों की भीड़......

जिलेभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी पर सब तरफ भक्ति और उल्लास का महौल दिखा। मंदिरों और घरों में रात 12 बजे भगवान कृष्ण के जन्म पर नंद के घर आनंद भयो जै कन्हैया लाल की जयघोष गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने दिन भर उपवास रखकर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की। श्री कृष्ण गौशाला नैला सहित अन्य स्थानों पर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। गौशाला स्थित राधाकृष्ण मंदिर में भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। देर रात तक श्रद्धालु कृष्ण जन्मोत्सव में डूबे रहे। जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण मंदिर व नैला गौशाला में देर रात तक श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की और मेले का आनंद लिया। श्री कृष्ण गौशाला में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण के आकर्षक झांकी का दर्शन



किया। यहां छप्पन भौग लगाया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा चौक चौबंद व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने इस दौरान मेला का भी आनंद लिया। धर्म सेवा समिति व गौशाला समिति के अध्यक्ष राजेश पालीवाल, विष्णु पालीवाल, प्रदीप गोयल, सचिव पवन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सुरेश दीपनी, मनोज कालू अग्रवाल, राधा बल्लभ पालीवाल ,अशोक शर्मा, संदीप शर्मा, चिंटू शर्मा,संजयभोपालपुरिया ,बसंत अग्रवाल,दिनेश अग्रवाल, दरस यादव ,छोटू यादव सहितअनेक भक्तगण भगवान के दर्शन व प्रसाद वितरण की व्यवस्था में जुटे रहे। गौशाला नैला में की गई सजावट, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु , भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन कर झूम उठे। राधा कृष्ण मंदिर में पंडित पवन शर्मा ने सभी श्रद्धालुऔ को तुलसी देकरआशीर्वाद प्रदान किया ।

# विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से धाराशिव-रोगदा सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

जांजगीर चांपा -

विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से ग्राम धाराशिव से रोगदा तक सड़क निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। ज्ञात हो कि विधानसभा बजट सत्र 2024-25 के दौरान विधानसभा जांजगीर-चांपा के कुल 14 प्रमुख मार्गो के निर्माण के लिए अनुशंसा पत्र विधायक ब्यास कश्यप के द्वारा लोक निर्माण विभाग के मंत्री श्री अरूण साव को प्रेषित किया गया था। इसमें धाराशिव से रोगदा मार्ग, लंबाई 3.80 किलोमीटर भी शामिल था। इस कार्य की स्वीकृति बजट में दी जा चुकी थी किन्तु प्रशासकीय स्वीकृति जारी नही हुई थी। दिनांक 14 अगस्त 2025 को उक्त कार्य की विधिवत् प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। ग्राम धाराशिव से रोगदा तक कुल 3.80 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 4 करोड़ 27 लाख 69 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। बहुप्रतिक्षित सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने से धाराशिव एवं रोगदा क्षेत्र के निवासियों में हर्ष है तथा उन्होंने विधायक ब्यास कश्यप के प्रति आभार प्रकट किया है।



# खंड शिक्षा कार्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**संवाददाता** पामगढ़ / विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पामगढ़ में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासन द्वारा निर्धारित समयानुसार 7.30 बजे प्रातः ध्वजारोहण विभाग प्रमुख विकास खंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक द्वारा किया गया। राष्ट्रगान पश्चात सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री जे आर सारथी, राकेश सोनी, कु सुचिता भोसले एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक ने स्वतंत्रता सेनानियों, अमर शहीदों को स्मरण करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाले साथ ही वर्तमान समय में सच्ची देश भक्ति तब माना जायेगा जब हम सब अपने अपने कर्तव्यों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। इस अवसर पर कार्यालय के समस्त कर्मचारी भूपेंद्र थवाईत, हेमन्त श्रीवास, पुरुषोत्तम यादव,श्रीमती डी बघेल,बाबूलाल पूर्वेन, हिमांशु यादव रुपेश यादव, अभीषेक श्रीवास, सूरज बघेल, आदित्य सिंह शिव यादव, सम्मत डहरिया मोहन उपस्थित थे।

# राम साहू कांग्रेस संयुक्त महामंत्री ने एक्सीडेंट में घायल की मदद*



**राजनांदगांव** जिले के अंतर्गत छुरिया क्षेत्र के जोब निवासी गोकुल पटेल जी का मोटरसाइकिल में एक्सीडेंट में गंभीर हालत में छुरिया हॉस्पिटल मे राम साहू जिला संयुक्त महामंत्री ने भर्ती कराया और उसको औपचारिक इलाज करवाया और डॉक्टर को उचित इलाज के लिए मार्गदर्शन किया।

# जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

संवाददाता

बलौदा :-

जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 के लिए नवगठित छात्र परिषद के लिए गरिमामय अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि श्रीमान उदयन बेहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा एवं थाना प्रभारी श्री राजीव श्रीवास्तव थाना बलौदा द्वारा सरस्वती माता जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया मुख्य अतिथि ने कहा शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य छात्रों में जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता की भावना विकसित करना तथा आत्म शासन के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।

स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर सचिन यादव एवं डायरेक्टर डॉक्टर गिरिराज द्वारा छात्रों को आने वाले भविष्य की शुभकामनाएं दी स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर संजय कुमार ,वाइस प्रिंसिपल चूड़ामणि एवं कैंपस प्रिंसिपल रंजन सर, श्रीमती रीना शर्मा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को उनके उत्तरदायित्व के



प्रति सजग और निष्ठावान बनने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर छात्र परिषद के विभिन्न पदों हेड बॉय हर्ष सोनी ,हेड गर्ल स्नेहल रत्नाकर, कल्चरल कैप्टन श्री हरी गुप्ता, सिमरन अग्रवाल, अरमान सिंह अनंत, अवंतिका, स्पोर्ट्स कैप्टन सत्यम सिंह ,गौरी अग्रवाल, प्रशांत गोयल, स्वती नेताम ,डिसिप्लिन कैप्टन आर्यन पटेल ,राजेश्वरी ,अनुज मिरी, एलिसा देवांगन, हाउस कैप्टन (सत्य)श्रीजल कौशिक, जैनी खूंटे,हाउस कैप्टन (शांति) सिद्धार्थ आंचल, तनीषा साहू हाउस कैप्टन (दया) अब्दुल खान, शिफा अंजुम, हाउस कैप्टन (क्षमा) कर्तव्य,भाविका सिंह चयनित छात्र-छात्राओं को बैच और पट्टिकाएं प्रदान कर अलंकृत किया गया सभी छात्रों ने विद्यालय के प्रति निष्ठा अनुशासन और कर्तव्य परायण की शपथ ली। अंत में कल्चरल हेड शिक्षक रमाकांत राउल, शिक्षिका रूबी दास स्पोर्ट्स ऑफिसर चंद्रराम बरेठ के द्वारा आभार व्यक्त और मंच का संचालन शिक्षिका आरती विश्वकर्मा एवं आरसी नाज़ के द्वारा किया गया।

## खास खबर

### (कोरबा) दोस्ती पर चाकू से हमला, फरार गोवर्धन कंवर गिरफ्तार

कोरबा। जिला कोरबा के थाना हरदीबाजार क्षेत्र में एक जघन्य घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गोवर्धन कंवर (22 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने दिनांक 02 जून, 2025 को अपने ही दोस्त राहुल पटेल पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

**घटना का विवरण–**

प्रार्थी राकेश कुमार पटेल द्वारा थाना हरदीबाजार में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, घटना के दिन राहुल पटेल और आरोपी गोवर्धन कंवर के बीच तालाब के पास बैठकर बातचीत के दौरान विवाद हो गया। आरोपी ने राहुल को गाली-गलौज दी और उसे जान से मारने की धमकी दी। जब राहुल ने विरोध किया, तो गोवर्धन वहां से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद चाकू लेकर वापस आया और उसने राहुल के गले और हाथ पर जानलेवा हमला कर दिया। राहुल के चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए।



### एनकेएच ग्रुप ऑफहॉस्पिटल्स में स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

कोरबा । 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर न्यू कोरबा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स (एनकेएच) में ध्वजारोहण एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 9 बजे ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शंकर पालीवाल ने तिरंगा फहराया। राष्ट्रगान के बाद सुरक्षा गार्ड ने सलामी दी और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर डॉ. नगेंद्र बागरी, डॉ. अविनाश सिंग, डॉ. अनिल अरोरा, डॉ. मनीष गोयल, डॉ. संजय अग्रवाल सहित सभी वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे। वहीं एडमिन स्टाफ से रुना रागिनी, राजेश चंदानी, अंकिता चक्रवर्ती, नाहिदा परवीन के साथ क्लिनिकल, नॉन-क्लिनिकल, पैरामेडिकल, एडीसी स्टाफ एनकेएच बालाजी ब्लड बैंक स्टाफ मेडजोन स्टाफएवं रोटरी क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजा से हुई। इसके बाद ध्वजारोहण कर गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। विशेष पहल के तहत एनकेएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स और रोटरी क्लब ने मिलकर टीबी मरीजों को फूड हैम्पर व स्वतंत्रता दिवस की मिठाई वितरित की। डॉ. एस. चंदानी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से हमें प्रेरणा लेकर जीवन में नैतिक मूल्यों और चरित्र का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि आजादी के महोत्सव पर बुजुर्गों के लिए निरूशुल्क होम चेकअप सेवा 31 अगस्त तक उपलब्ध रहेगी, जो कोरबा शहर से 10 किलोमीटर क्षेत्र तक लागू होगी। एनकेएच ग्रुप ऑफहॉस्पिटल्स ने पुनः समाज सेवा और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता के संकल्प को दोहराया।

# रायगढ़ जिले में महिला स्व सहायता समूहों ने शुरू किया रेडी-टू-ईट का उत्पादन

### रायगढ़ जिले में महिला स्व सहायता समूहों ने शुरू किया रेडी-टू-ईट का उत्पादन

संवाददाता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को मूर्त रूप देते हुए महिला स्व-सहायता समूहों को पूरक पोषण आहार ÷रेडी-टू-ईट÷ निर्माण का कार्य पुनः सौंपा है। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत रायगढ़ जिले से हुई है। हाल ही में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ की 10 महिला स्व-सहायता समूहों को अनुबंध पत्र प्रदान किए थे। इसके बाद मशीन इंस्टॉलेशन का कार्य तेजी से किया गया और अब रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायत कोतरलिया से ÷रेडी-टू-ईट÷ उत्पादन का शुभारंभ हो चुका है।




मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही आंगनबाड़ी के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि देशभर में 3 करोड़ ÷लखपति दीदी÷ बनाने का लक्ष्य रखा गया है और छत्तीसगढ़ इस दिशा में तेज गति से कार्य कर रहा है। रायगढ़ इस अभियान में अग्रणी जिला बना है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ग्राम कोतरलिया में ÷रेडी-टू-ईट÷ निर्माण इकाई का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं मशीन चलाकर निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण किया और महिलाओं को गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ से प्रारंभ हुई यह पहल शीघ्र ही प्रदेश के सभी जिलों में लागू होगी और यह मॉडल पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले में कुल 2709 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इन सभी केंद्रों के लिए 10 महिला स्व-सहायता समूहों का चयन किया गया है। इन समूहों को प्रधानमंत्री फॉर्मेलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज़ (क्कन्नस्नश्व) योजना के अंतर्गत पूंजीगत सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। रायगढ़ जिले की परियोजनाओं–रायगढ़ शहरी, रायगढ़ ग्रामीण, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, मुकड़ेगा, धरमजयगढ़ एवं कापू के अंतर्गत चयनित समूह जल्द ही ÷रेडी-टू-ईट÷ उत्पादन प्रारंभ करेंगे। फिलहाल इसकी शुरुआत कोतरलिया से हो चुकी है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण और कुपोषण मुक्ति के इस मिशन को प्रथम चरण में प्रदेश के 6 जिलों–बस्तर, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार, कोरबा, रायगढ़ एवं सूरजपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जा रहा है। वहीं रायगढ़ प्रदेश का पहला जिला बन गया है, जहां महिला समूहों ने ÷रेडी-टू-ईट÷ उत्पादन प्रारंभ किया है। यह पहल महिलाओं की आर्थिक समृद्धि और बच्चों के स्वास्थ्य–दोनों को नई दिशा प्रदान करेगी।

## पावर प्लांट में करंट की चपेट में आया कर्मचारी, मौत

0 परिजनों ने की मुआवजे और नौकरी की मांग, इंजीनियर का इलाज जारी

कोरबा कोरबा जिले में 7 अगस्त को करंट की चपेट में आने 2 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को रायपुर के अस्पताल में कर्मचारी ने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने मुआवजे और नौकरी की मांग की है।यह घटना दर्री थाना क्षेत्र की है।



जानकारी के मुताबिक एचटीपीएस में जीमैक्स कंपनी को क्लीनिंग और टाइटनेस का काम ठेके पर दिया गया था। यार्ड में काम करने के ठेकाकर्मी सुरेंद्र साहू (25) लाइव ब्रेकर की चपेट में आ गया, उसे बचाने के चक्कर में इंजीनियर आकाश कुजूर भी झुलस गया।

इस हादसे के बाद दोनों को रायपुर के कालड़ा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 15 अगस्त की सुबह सुरेंद्र ने दम तोड़ दिया। जो कि अयोध्यापुरी दर्री का रहने वाला था। जिसके बाद परिजनों ने मुआवजे और नौकरी की मांग को लेकर हंगामा किया।

# ऊर्जाधानी में हर तरफराख और धुएं का संकट, अब चाहिए प्रदूषण से आजादी

**एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में देश आज़ादी का 79वां महोत्सव मना रहा है। हर ओर तिरंगे की शान और देशभक्ति का जोश है। यह गर्व का क्षण है, लेकिन इसी खुशी के बीच ऊर्जाधानी कोरबा के लोगों के मन में एक ये भी सवाल गूंज रहा है कि वर्षों से झेल रहे प्रदूषण के संकट से आखिर कब उन्हें आज़ादी मिलेगी?




**अच्छे अस्पताल और इलाज मिलना चाहिए** साथ ही कोरबा शहर को विकास के लिए साधन-संसाधन की आवश्यकता है। नए ट्रांसपोर्ट नगर को बसाना भी जरूरी है। जीवनदायिनी हसदेव की सुरक्षा के लिए भी पहल जरूरी है। कोरबा ने काले हीरे की नगरी, ऊर्जाधानी और पावर हब के रूप में देश में अपनी पहचान बनाई है।

यहां के ताप विद्युत संयंत्र, कोयला खदानें और उद्योग, देश की ऊर्जा ज़रूरतें पूरी करने में अहम भूमिका निभाते हैं। लेकिन इसी विकास की चमक के पीछे प्रदूषण का साया भी गहराता जा रहा है। कोरबा के लोग अपने शहर की ऊर्जानगरी वाली पहचान पर गर्व करते हैं, लेकिन अब उनकी इच्छा स्वच्छ हवा में सांस लेने की आज़ादी है। औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला धुआं, राख और कोल डस्ट यहां के लोगों के लिए गंभीर समस्या बन चुका है।

**न्याय व्यवस्था को किया जाए सुदृढ़** अधिवक्ता श्वेता कुशवाहा ने कहा की इस स्वतंत्रता दिवस पर न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रयास होना चाहिए। जिला एवं सत्र न्यायालय हो या देश के अन्य न्यायालय। किसी न्यायालय में लोगों को त्वरित न्याय दिलवाने आज भी किसी चुनौती से कम नहीं है।

**नए ट्रांसपोर्ट नगर को बसाने हो पहल** शहर के भीतर से बायपास रोड गुजरता है। इससे आजादी की जरुरत है। यह तभी संभव है, जब नया ट्रांसपोर्टनगर बने। संभव हो तो शहर के चारों ओर ट्रांसपोर्टनगर बसाया जाना चाहिए। नया ट्रांसपोर्टनगर उरगा, गोपालपुर, कुसमुंडा और कोरबा के बाहर हिस्से में हो। साथ ही शहर में हसदेव नदी किनारे रिवर व्यू फ्रन्ट बनाने की जरुरत है। जीवनदायिनी हसदेव प्रदूषण की जद में है। इसे साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए सबकी सहभागिता हो, इसके लिए सामूहिक तौर पर प्रयास किया जाए।

**प्रदूषण नियंत्रण उपायों का सती से हो पालन** प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को बेहतर ढंग से अपनाने के साथ ही लागू नियमों पर भी सती जरूरी है। औद्योगिक संयंत्रों से उत्सर्जित राख का व्यवस्थापन शत-प्रतिशत होना चाहिए।

**खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है एक्यूआई का स्तर**

पर्यावरण के जानकारों के अनुसार कोरबा का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) कई बार खतरनाक स्तर पार कर चुका है। खासकर अप्रैल-मई के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में एक्यूआई का स्तर 170 से अधिक होता है। बारिश के मौसम को छोड़ दें तो अन्य दिनों में हवा में पीएम-10 और पीएम 2.5 का स्तर बढ़ने से एक्यूआई का स्तर सवेंदनशील स्तर तक पहुंच जाता है।

## सतरेंगा के रिसॉर्ट में AC के भीतर मौज से सो था डरावना सांप, रेस्क्यू कर निकाला गया बाहर



एजेंसी

लोगों ने इसकी जानकारी स्नैक रेस्क्यु टीम को दिया. जिसके बाद रेस्क्यु टीम के सदस्य सतरेंगा पहुंचे और बड़ी सावधानी से रेस्क्यू कर सांप को ष्ट से बाहर निकाला. तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली. इसके बाद लोगों ने रेस्क्यु टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया. वहीं, रेस्क्यू टीम ने सांप को जंगल में छोड़ दिया .स्नैक रेस्क्यूअर की माने तो AC के अंदर बैठा अजीबो गरीब सांप common cat snake है. जिसे हिंदी में सामान्य बिल्ली सांप कहते हैं.

**दुर्लभ प्रजातियों का सांप है कॉमन कैट स्नेक** - कॉमन कैट स्नेक दुर्लभ प्रजाति के सांपों में से है. यह सांप बहुत कम दिखाई देते हैं. यह सांप अक्सर शाम के बाद और रात में सक्रिय रहते हैं. क्योंकि दिन के वक्त इनके आंखों की तलिया संकरी खड़ी झिल्लियों में सिकुड़ जाती हैं. जिससे इन्हें कम दिखाई देता. वहीं, रात के समय पुतलियां गोलाकार आकार में फैल जाती हैं और दिखाई देने लगता है. इसलिए इस सांप को निशाचर भी कहते हैं. यह अक्सर छोटे पक्षियों, मेंढक, अंडे आदि का शिकार करते हैं.

# बाइकर्स ने तेज रफ्तार बाइक और पटाका बजाकर लोगों को परेशान

**कोरबा** शहर में बाइकर्स गिरोह ने काफी उत्पात मचाया है। एसईसीएल कॉलोनी और मानिकपुर चौकी क्षेत्र के कॉलोनी और हेलीपैड में बाइकर्स ने तेज रफ्तार से बाइक चलाई और लोगों को परेशान किया। इस दौरान कोरबा एसपी, कलेक्टर और वन अमला आत्मानंद स्कूल में एक कार्यक्रम में शामिल थे। जब एसपी और कलेक्टर ने बाइकर्स की हरकतें देखीं, तो उन्होंने बाइकर्स गिरोह पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बाइकर्स ने तेज रफ्तार बाइक और पटाका बजाकर लोगों को परेशान किया। एसपी और कलेक्टर ने बाइकर्स गिरोह पर कार्रवाई के निर्देश दिए। वन कर्मी और प्रशासन की टीम ने तीन बाइक जब्त कीं और उन्हें मानिकपुर चौकी भेज दिया गया।



हैलीपेड से लगे स्कूल में कार्यक्रम चल रहा था। जहां एसपी सिदार्थ तिवारी,कलेक्टर अजीत वसन्त, और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मैजूद थे। कार्यक्रम के बाद पौधारोपण किया जा रहा था।

## हरियाली तीज भगवान शिव एवं और देवी पार्वती के पुनर्मिलन का उत्सव – श्रीमती करूणा

एजेंसी

संस्कारधानी नगरी की प्रतिष्ठित एवं गणमान्य मातृशक्ति द्वारा हरियाली तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य आयोजनकर्ता श्रीमती करूणा मधुसूदन यादव सहित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति यादव, रेलवे विभाग की टी आई श्रीमती तरुणा साहू ,महिला प्रकोष्ठ की सदस्य श्रीमती एकता अग्रहरि, आयुष क्लिनिक की चिकित्सक डॉ प्रज्ञा सक्सेना , राजनांदगांव नगर निगम की पार्षद श्रीमती खेमिन यादव, श्रीमती श्रुति जैन, श्रीमती वर्षा सिन्हा ,श्रीमती चंद्रिका साहू ,श्रीमती केवरा राय, श्रीमती अपूर्वा श्रीवास्तव , डोंगरगढ़ की पूर्व पार्षद श्रीमती अलका सहारे, समाजसेवी श्रीमती साधना तिवारी, श्रीमती शोभा चोपड़ा, श्रीमती संध्या शर्मा, श्रीमती सुषमा सिंह, श्रीमती छाया ठाकुर, श्रीमती रितु रायजादा, सिद्धि मीरानी, राजपूत समाज की श्रीमती शशि चौहान, माधुरी ठाकुर ,लता यादव, श्रीमती रितु यादव, श्रीमती अलका यादव, श्रीमती इंदु यादव और सर्व यादव समाज की सभी बहने तीज मिलन के इस आयोजन में सम्मिलित हुए। मुख्य आयोजनकर्ता श्रीमती करूणा मधुसूदन यादव ने बताया कि हरियाली तीज हिन्दू पौराणिक मान्यता अनुसार भगवान शिव एवं देवी पार्वती के पुनर्मिलन का उत्सव है। पौराणिक कथाओं के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिये 107 जन्मों तक कठोर तप किया, और 108वें जनम में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतिया तिथि को भगवान शिव ने माता पार्वती के तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नि के रूप में स्वीकार किया, जिसके उत्सव के रूप में हरियाली तीज मनाया जाता है। इस हरियाली तीज मिलन समारोह में महिलाओं द्वारा शिवलिंग की पूजा अर्चना रूद्राभिषेक किया गया और सावन झूला झूलकर तीज मिलन उत्सव का आनंद लिया गया।



# छत्तीसगढ़ का हिडन वॉटर फॉल! मानसून में दिखता है बेहद खूबसूरत, रानी झिरिया की खासियत


**संवाददाता।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में प्राकृतिक सुंदरता का अनोखा खजाना छिपा है – रानी झिरिया वॉटरफॉल। मानसून के मौसम में यह झरना अपने पूरे सौंदर्य पर होता है। चारों ओर हरियाली, पहाड़ियों से गिरता झरना और पत्थरों से टकराकर बहता पानी एक मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है। यह जगह सैलानियों को प्राकृतिक सौंदर्य का अनोखा अनुभव देती है, लेकिन यहां तक पहुंचना जितना रोमांचक है उतना ही कठिन और जोखिमभरा भी।

**दुर्गम रास्ता और कठिन सफर**

रानी झिरिया वॉटरफॉल तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं है। अजगरबहार के मुख्य मार्ग से लगभग 4 किलोमीटर पैदल चलकर यहां पहुंचा जा सकता है। इस पूरे रास्ते में पहाड़ियां, पथरीली जमीन और नदी किनारे से होकर गुजरना पड़ता है।

पैदल चलने के लिए बने पक्के रास्ते नहीं हैं, जिससे पर्यटकों को असुविधा होती है। खासकर अगर कोई अपने परिवार, बच्चों और महिलाओं के साथ यहां जाता है तो खतरा और भी बढ़ जाता है। कई जगहों पर फिसलन और पत्थरों के बीच से होकर गुजरना पड़ता है, जो सफर को चुनौतीपूर्ण बना देता है।

**प्राकृतिक सौंदर्य का अनोखा अनुभव**




कठिनाईयों के बावजूद रानी झिरिया पहुंचने के बाद जो दृश्य सामने आता है, वह सारी थकान मिटा देता है। ऊँचाई से गिरता झरना, चारों ओर की हरियाली और शांत वातावरण पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। मानसून के दिनों में झरने में पानी का बहाव तेज हो जाता है और इसकी सुंदरता कई गुना बढ़ जाती है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में यहां आने वाले सैलानियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

**बढ़ती भीड़ और गंदगी की समस्या**

पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ यहां गंदगी की समस्या भी बढ़ गई है। लोग खाने-पीने के पैकेट, प्लास्टिक की बोतलें और कचरा वहीं छोड़ देते हैं। इस कारण प्राकृतिक सौंदर्य तो प्रभावित होता ही है, आने वाले अन्य सैलानियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**वन विभाग की चुनौती**

यह इलाका वन विभाग के अंतर्गत आता है, लेकिन गंदगी और भीड़ को नियंत्रित करने में विभाग की भूमिका कमजोर दिखाई देती है। न तो यहां उचित प्रबंधन है और न ही सफाई की व्यवस्था। स्थानीय लोगों और पर्यटकों की लापरवाही के चलते रानी झिरिया का प्राकृतिक सौंदर्य खतरे में पड़ रहा है।

**रानी झिरिया का सौंदर्य**

रानी झिरिया वॉटरफॉल कोरबा जिले का एक हिडन ट्रेज़र है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर होता है। लेकिन यहां तक पहुंचने का रास्ता कठिन और खतरनाक है। अगर इस जगह को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, पैदल रास्ते बनाए जाएं और सफ ाई व्यवस्था सुधारी जाए तो यह वॉटरफ ॉल छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख आकर्षण बन सकता है।

## मुख्यमंत्री की मंशानुरूप शासकीय सस्थानों में अधोसरंचना विकास के किए जा रहे सतत कार्य

**0 छात्रावासों में अधीक्षकों की स्थायी उपस्थिति होगी सुनिश्चित, बच्चों को हर समय मार्गदर्शन और मिलेगी सुरक्षा**

**कोरबा** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के शासकीय संस्थानों के अधोसंरचना विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कोरबा जिले में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मार्गदर्शन और कलेक्टर श्री अजीत वसंत के नेतृत्व में जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के 25 आदिवासी बालक-बालिका आश्रम-छात्रावासों में अधीक्षक आवास गृह निर्माण के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 03 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रत्येक आश्रम छात्रावास में अधीक्षक के आवास निर्माण हेतु 12-12 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिसके अंतर्गत प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास माचाडोली, कोरबी-चोटिया, लैंगी, जलके, जटगा, लाफा, नोनबिर्रा, पाली, छुरी, जवाली, बिरदा, नोनबिर्रा, कोथारी, नोनदरहा व पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कटघोरा में अधीक्षक आवास निर्माण किया जाएगा।

## साय कैबिनेट की बैठक 19 को, कई अहम मुद्दों पर होगा फैसला



**रायपुर** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 19 अगस्त को मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और निर्णय लिए जाएंगे। बैठक के बाद लिये गए फैसलों की जानकारी मीडिया को दी जाएगी। वहीं मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, ÷मंत्रिपरिषद का विस्तार मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है, इस संबंध में वही कुछ कह सकते हैं।÷

## रायपुर में बनेगा 'केंद्रीय विहार' : 1000 सरकारी फ्लैट निर्माण को मंजूरी

रायपुर

राजधानी में सरकारी कर्मचारियों के लिए एक ऐतिहासिक आवासीय परियोजना शुरू होने जा रही है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रयासों से केंद्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन (CGEWHO) ने 'केंद्रीय विहार' योजना के अंतर्गत 1000 फ्लैट्स के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

यह प्रदेश की पहली केंद्रीय आवासीय परियोजना होगी, जिसमें केंद्र, राज्य और सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और किफ यती आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

**सांसद अग्रवाल की पहल** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस योजना का प्रस्ताव केंद्र को भेजा था, जिसमें रायपुर के केंद्रीय स्थान पर 1000 से अधिक फ्लैट बनाने की सिफारिश की गई थी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक आवासीय परियोजना नहीं, बल्कि सरकारी कर्मचारियों के लिए ÷सम्मान और सुविधा का नया अध्याय÷ है।

**CGEWHO की प्रतिक्रिया**

CGEWHO के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगन गुप्ता ने कहा कि रायपुर में केंद्रीय कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। उन्होंने सांसद अग्रवाल की तत्परता और गंभीरता की सराहना की और कहा कि भूमि उपलब्ध होते ही परियोजना का पहला चरण शुरू कर दिया जाएगा।

## नेहरू नगर पर तेज रफ्तार बाइक जा घुसी ट्रक में, दो की मौत

भिलाई,। सुपेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेहरू नगर तिराहा के पास नेशनल हाईवे रोड पर अभी-अभी एक बाइक स्वराज माजदा ट्रक में जा घुसा। इस हादसे में मौके स्थल पर ही युवती की मौत हो गई जबकि इलाज के दौरान लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में बाइक सवार ने दम तोड़ दिया। पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

सुपेला थाना प्रभारी शिव कुमार यादव ने बताया कि रात्रि 8:00 बजे के करीब गुरुद्वारा तिराहा के पास तेज रफ्तार बाइक सिग्नल पर स्वराज माजदा ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में बाइक के पीछे बैठी मौके स्थल पर ही युवती की मौत हो गई। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है

## जंगल में चल रहे जुए के अड्डे पर दबिश, 8 जुआरी रंगे हाथ गिरफ्तार

कबीरधाम, स्वतंत्रता दिवस की शाम जहां पूरा देश आजादी का जश्न मना रहा था, वहीं कुछ लोग जंगल के बीच जुए की महफिल सजाकर किस्मत आजमा रहे थे। लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया और कबीरधाम पुलिस की सटीक कार्रवाई में सभी रंगे हाथ पकड़े गए। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना रेंगाखार पुलिस ने यह बड़ी कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मोतिनपुर के जंगल में कुछ लोग 52 पत्ती ताश से 'काट पत्ती' नामक जुआ खेल रहे हैं। इस पर थाना प्रभारी तरन दास दाहरिया के नेतृत्व में साइबर टीम और अन्य पुलिसकर्मियों की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई। घने जंगल में घेराबंदी कर दबिश दी गई, जहां से 8 जुआरी संजय अग्रवाल (रेंगाखार), चन्द्रदीप पाण्डोलत (दमोह, म.प्र.), उमेश अग्रवाल (रेंगाखार), परसराम साहू (लोहारीडीह), तेजलाल बढ़ई (दमोह, म.प्र.), चुलेश यादव (साल्हेसवारा), कौशिक सरकार (साल्हेसवारा) व मनीष सिंह कल्चूपरी (मानेगांव, म.प्र.) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नक़द राशि 54,700, 8 मोबाइल फोन और ताश की गड्डी व प्लास्टिक चटाई जब्त किया है।

## वैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर, । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक बदमाश प्रवृत्ति के युवक को अवैध चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दिनांक 15 अगस्त 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लाखेनगर चौक, बिजली ऑफिस के पास एक संदिग्ध युवक अवैध रूप से चाकू लेकर घूम रहा है। सूचना गंभीर होने के कारण थाना पुरानी बस्ती की पुलिस तत्काल मौके पर रवाना हुई। मौके पर पुलिस को देखकर युवक भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस की तत्परता से उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक की पहचान देव सेन 19 वर्ष, निवासी लाखेनगर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक नग लोहे का अवैध चाकू बरामद हुआ।

# आज़ादी के बाद पहली बार बस्तर के 29 गांवों में शान से लहराया तिरंगा




**रायपुर।** आज़ादी के 78 साल बाद बस्तर के उन गांवों में तिरंगा शान से लहराया, जहाँ अब तक नक्सलियों का लाल झंडा ही ताक़त और खौफ का प्रतीक माना जाता था। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा जिलों के 29 गांवों में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। दशकों से बंदूकों की नली और डर के साए में जी रहे इन गांवों में तिरंगे का फहराया जाना केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि बदलते बस्तर की ऐतिहासिक तस्वीर है। यह तस्वीर दर्शाती है कि सुरक्षा बलों के त्याग, सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और ग्रामीणों की उम्मीद ने मिलकर नक्सलवाद के गढ़ माने जाने वाले इलाकों में शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। इन गांवों में तिरंगा फहराना उस ऐतिहासिक बदलाव का प्रमाण है, जो सुरक्षा बलों के साहस, राज्य और केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा सबसे बढ़कर ग्रामीणों के धैर्य और विश्वास से संभव हुआ है। बीजापुर जिले के कोंडापल्ली, जीड़पल्ली, वाटेवागु, करेंगुट्टा, पिड़िया, पुजारीकांकेर और भीमारम जैसे गांव; नारायणपुर जिले के गारपा, कच्चापाल, बेड़माकोट्टी, कांदूलनार, रायनार सहित कई गांव; तथा सुकमा जिले के गोमगुड़ा, गोल्लाकुंडा, नुलकातोंग और उसकावाया जैसे नक्सल प्रभावित इलाकों में आज़ादी के बाद पहली बार तिरंगे का फ हरना एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी सुशासन की सरकार के उस संकल्प का परिणाम है, जिसमें नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति और विकास की नई धारा प्रवाहित करने का लक्ष्य रखा गया है। ÷बस्तर अब भय और हिंसा से बाहर निकलकर प्रगति, समृद्धि और विश्वास की ओर बढ़ रहा है। सरकार का वचन है कि हर गांव तक विकास की रोशनी पहुँचेगी और कोई भी नागरिक विकास की रोशनी से अछूता नहीं रहेगा,÷ उन्होंने कहा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इसे सुरक्षा बलों की मेहनत और स्थानीय समुदायों के धैर्य का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि ÷आज जिन गांवों में तिरंगा फहराया गया, वहाँ दशकों तक लाल झंडे का खौफछाया रहा। यह बस्तर में नई सुबह का प्रतीक है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बस्तर के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों की नई रणनीति, शिविरों की स्थापना और लगातार दबाव के चलते नक्सली कैडर कमजोर हुआ है। आत्मसमर्पण नीतियों ने बड़ी संख्या में उग्रवादियों को मुख्यधारा में लौटाया है। वहीं सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि केवल सुरक्षा उपाय ही नहीं, बल्कि विकास ही स्थायी समाधान है। इसी कारण नियद नेल्ला नार योजना सहित सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और अन्य योजनाओं से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने लगा है। ग्रामीणों का भरोसा जीतना इस ऐतिहासिक बदलाव का सबसे बड़ा आधार रहा है। स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर तथा प्रशासन का संवेदनशील रवैया ग्रामीणों को यह संदेश दे रहा है कि

## आप के प्रदेश सह प्रभारी छत्तीसगढ़ प्रवास पर, 17,18 को होंगें जोन स्तरीय साथी बैठका में शामिल*

**रायपुर,** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक अरविंद केजरीवाल जी के जन्मदिन के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ प्रदेश सह प्रभारी, नेता विपक्ष दिल्ली, मुकेश कुमार अहलावत जी आज से प्रदेश प्रवास पर हैं। राजधानी रायपुर स्थित पंचशील नगर प्रदेश कार्यालय में उन्होंने केजरीवाल जी के जन्मदिन पर प्रदेश के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर केजरीवाल जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रदेश की यात्रा पर अंबिकापुर के लिए रवाना हुए। प्रदेश सह प्रभारी सरगुजा ज़ोन में 17 अगस्त और रायगढ़-कोरबा ज़ोन में 18 अगस्त को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ÷साथी बैठका÷ में शामिल होंगे और सभी कार्यकर्ताओं से आमने सामने संगठन विस्तार पर चर्चा करेंगे। आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि हमारे राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जी के जन्मदिन के अवसर पर सभी 33 जिलों में केक काटकर खुशियां मनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं की जिला साथी बैठका संपन्न हो चुकी है,जिसमें आम आदमी पार्टी के जिले के सभी साथियों का अच्छा सहयोग रहा। बैठका के दौरान अनेक नये साथियों ने पार्टी में प्रवेश किया है।

## जिला सैनिक कल्याण केंद्र पर किया ध्वजारोहण, शहीदों को किया नमन, पूर्व सी.एम. डॉ. रमन सिंह हुए शामिल





**राजनांदगांव**।शहर मे स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जिसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य एवं मातृ शक्ति सबसे पहले गौरव पथ पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर जिला सैनिक कल्याण केंद्र पर ध्वजारोहण किया गया।इस कार्यक्रम अमर शहीद द्वारा देश भक्ति गीत जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती बसेरा गीत गाकर पूरे कार्यक्रम को देशभक्ती मय कर दिया गया। उसके बाद मोतीपुर नगर पर विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव के साथ अखिल भारतीय सैनिक सेवा परिषद तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक एवं मातृशक्ति अपने ड्रेस और मेडल के साथ अलग से नजर आए,पूर्व सैनिकों को देखकर आम जनता भारत माता की जय के साथ गूंज उठा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य युगल किशोर साहू, पीयूष साहू,अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा, गुमान साहू,पीयूष साहू,उमेश गैगबेर, कृष्ण कुमार, डी के साहू 1971 के योद्धा गुरमीत भाटिया परिषद के अध्यक्ष अशोक झा संरक्षक बसंत राउटे एवं डोंगरगढ़ के पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष सदस्य एवं मातृ शक्ति बड़े संख्या में उपस्थित हुए मात् शक्तियों में ठगिया साहू,सरिता साहू, शिवानी साहू,संगीता साहू, खुमेश्वरी सिन्हा मातृशक्ति के अध्यक्ष वर्षा राउटे अन्य मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## भालू का शिकार कर मांस खाने वाले दो गिरफ्तार, तालाब में मिला सिर और खाल




सारंगढ़ संवाददाता।

बरमकेला वन परिक्षेत्र के छिछपानी 942 पीएफ नंबर से वन्यजीव शिकार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहाँ दो आरोपियों ने भालू का शिकार कर उसका मांस खाया, और सिर व खाल को तालाब में फेंक दिया। कटे हुए सिर और खाल तालाब में तैरते मिले, जिससे मामला उजागर हुआ।

सूत्रों के अनुसार, वन विभाग शुरू में मामले को दबाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल होने के बाद मामला मीडिया तक पहुँचा। इसके बाद विभाग ने कपरतुंगा गाँव के दो आरोपियों जुगलाल सिदार और ज्योतिराम सिदार को गिरफ्तार किया। घटना 13 अगस्त की रात की बताई जा रही है।

गौरतलब है कि बीते कुछ महीनों में प्रदेश में बाघ, तेंदुआ और अब भालू के शिकार जैसी घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं। फिलहाल दोनों आरोपियों पर कार्रवाई जारी है, लेकिन माना जा रहा है कि इस शिकार में और लोग भी शामिल हो सकते हैं।

## ऐतिहासिक संगम पर मनाया गया राष्ट्र निर्माण के पथप्रदर्शक रवि चाणक्य जी का जन्मोत्सव

एच.डी. महंत

**रायपुर,**नरेंद्र मोदी विचार मंच के अनुशांगिक संगठन राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के मुख्य संरक्षक एवं संयोजक रवि चाणक्य जी का जन्मदिवस इस वर्ष एक अद्वितीय ऐतिहासिक संयोग के साथ मनाया गया। 15 अगस्त 1947 – जब भारत ने गुलामी की जंजीरें तोड़ आज़ादी का अमृत पिया – शुक्रवार को था, और ठीक 78 वर्ष बाद 15 अगस्त 2025 भी शुक्रवार को आया है। यह अद्भुत मेल मानो हमें याद दिला रहा हो कि स्वतंत्रता केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जिम्मेदारी निभाने का संकल्प है।

राष्ट्र निर्माण को जीवन का ध्येय बनाकर, निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले चाणक्य जी का सम्पूर्ण जीवन भारत माता की सेवा में समर्पित है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से उन्होंने अविवाहित रहकर देशभर में सतत प्रवास किया है, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की राष्ट्रहितकारी योजनाएं अंतिम पंक्ति के नागरिक तक पहुँचे और राष्ट्रवादी विचार हर घर तक पहुंचे। उनके मार्गदर्शन में मंच के अंतर्गत 28 अनुशांगिक संगठन देश के 500 से अधिक जिलों में सक्रिय हैं, जो जनजागरण, योजना क्रियान्वयन और राष्ट्रविरोधी ताकतों के खिलाफएकजुट होकर कार्य कर रहे हैं।



जन्मदिवस अवसर पर मंच के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चाणक्य जी को हार्दिक बधाई दी और उनके राष्ट्रभक्ति, संयम, संकल्प और सेवा भाव की सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्य आयोजित हुए, जिनमें जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन, फल एवं आवश्यक सामग्री वितरित की गई,राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों में – डॉ. लक्ष्मीनारायण आमेटा (राष्ट्रीय अध्यक्ष), राम दयाल उड़के पूर्व विधायक (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), प्रकाश शर्मा (राष्ट्रीय सचिव), एच.डी. महंत (राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी), के.के. वर्मा (प्रदेश अध्यक्ष), नितिन शर्मा (प्रदेश संगठन महामंत्री), अमित सोनी (जिला अध्यक्ष रायपुर महानगर), रंजिता शुक्ला (प्रदेश संगठन मंत्री), राम नंदन यादव (जिला अध्यक्ष रायगढ़), सुधीर गती (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य), उ. विनोद कुमार मोदी (प्रदेश उपाध्यक्ष), शिव कुमार साहू (सक्रिय कार्यकारी सदस्य), नरेश गुप्ता (जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार), विमलसाई (प्रदेश सचिव), योगेश अग्रवाल (जिला अध्यक्ष चापा), लक्षन सतरंज (प्रदेश उपाध्यक्ष), टीकम कंसारी (प्रदेश महामंत्री) सहित राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के सभी पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

रवि चाणक्य जी ने इस अवसर पर कहा,राष्ट्रसेवा एक पवित्र तपस्या है, जिसे निष्कलंक भाव से अपनाकर ही सच्चे अर्थों में भारत माता की सेवा की जा सकती है। स्वतंत्रता दिवस हमें अपने कर्तव्यों और एकजुटता की याद दिलाता है, ताकि हम आने वाले कल के लिए एक मजबूत भारत का निर्माण कर सकें।उन्होंने सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए पूरे देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं,जन्मदिवस और स्वतंत्रता दिवस के इस अद्वितीय संगम ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायी और ऐतिहासिक बना दिया।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे NHM के 16 हजार कर्मचारी

### आपातकालीन सेवाएँ भी रहेंगी बंद

**रायपुर (संवाददाता)**। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के 16 हजार से ज्यादा कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। कर्मचारियों ने साफ कर दिया है कि इस दौरान आपातकालीन सेवाएँ भी बंद रहेंगी।




NHM कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में अनुकम्पा नियुक्ति, संविलियन, नियमित भर्ती में आरक्षण, स्थानांतरण नीति, 27 प्रतिशत लंबित वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण, मेडिकल और अन्य अवकाश शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने 15 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया।

**कर्मचारियों की चेतावनी** NHM कर्मचारी संगठन ने शासन को पहले ही सूचित कर दिया था कि यदि मांगे पूरी नहीं की गई तो वे 18 अगस्त से काम और कलम बंद कर देंगे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि सरकार यदि अब भी त्वरित निर्णय नहीं लेती तो वे बाध्य होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

इस हड़ताल से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर असर पड़ सकता है क्योंकि बड़ी संख्या में कर्मचारी अपने काम से अलग हो जाएंगे।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)